2. Astone, N.M., & M Chenahan, S.S. (1991) Family Structure, Parental Practices, and High School Completion, American Sociological Review, 56(3)m 309-320

3. Mulkey, L.M., Crain, R.L. & Harrington, A.J.C. (1992) One-parent households and achievement : Economic and behavioral explanations of a small effect. Sociology of Education, 65(1), 48–65.

4. Thiessen, S. (1997) Effects of Single parenting on adolescent academic achievement: Establishing a risk and protective framework. http://www.eric.ed.gov/PDFS/ED412479.pdf.

महिला सशक्तिकरण एवं सरकारी व गैर–सरकारी संगठनों

श्रीमती निधि माथुर शोध छात्रा,रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर (मध्यप्रदेश)

महिला सशक्तिकरण केवल वर्तमान युग का नारा ही नहीं बल्कि राष्ट्र के विकास की अनिवार्यता भी है। यह तभी संभव है जब हम स्त्रियों एवं बालिकाओं के प्रति अपनी मानसिकता एवं सोच में बदलाव लायें तथा महिलाओं को स्वयं की ताकत जानने के लिये प्रेरित करें। महिलायें जब तक अपनी आत्मशक्ति एवं आत्म विश्वास को जागृत नहीं करेंगे तब तक बाह्य कारक उसे सशक्त नहीं बना सकते।

महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावशाली बनाने में सरकारी एवं गैर–सरकारी संगठनों की योजनायें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं। इन संगठनों का मुख्य उद्देश्य ही महिलाओं को सशक्त बनाना हैं एवं उनका मार्गदर्शन करना है।

महिलायें आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है वे मेहनत करने में पुरूषों से बहुत आगे बढ़ गई है मेहनत का फल मीठा होता हैं वे समझ चुकी है। वे चाहती है उनके काम को तरक्की मिले एवं सराहा जाय इसलिये ये आवश्यक हो जाता है कि हम महिलाओं की इस सोच को सकारात्मक रूप दे उनका साथ दें जिसमें उनका नेट वर्क बढ़े उनकी छवि उभर कर सामने आये। परिवार समाज आफिस के लोग उसका साथ दें एवं समस्या लेकर सामने आयें ताकि उनको दूर करने का प्रयत्न कर सकें। काम छोटा या बड़ा नहीं होता इस भावना के साथ उनके काम की सराहना करें।

महिलाओं का आत्मविश्वास इतना अधिक जागृत हो गया है कि जीवन में आगे बढ़ने के लिये वे हर क्षण तैयार है। आज देश के अंदर अनेक महिला गैर सरकारी संगठन निर्मित हो गयें है कि वे महिलाओं को आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित कर रहें है। ये महिला संगठन वर्ष में कई बार ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करते है। आज तो विभिन्न कार्यक्रमों के अलावा महिलाओं को वास्तु संबंधित जानकारी महिला वास्तु विशेषज्ञों के द्वारा बड़े ही खूबसूरत ढंग से बताई जा रही है। दूरदर्शन के तेज चेनल में यह कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है।

महिलाओं के कल्याण एवं विकास उत्थान हेतु महिला सशक्तिकरण का प्रयोग शासन के द्वारा अब बड़ी तीव्र गति से किया जाने लगा है। पूर्व में इस ओर इतना ध्यान नहीं दिया जाता था। इसे केवल महिलाओं के उत्थान का विकास का नाम दिया जाता था। आधुनिक समय में इसे नारी सशक्ता एवं सशक्तिकरण के नाम से पुकारा जाने लगा।

प्रमुख बातें :–

1. सरकारी एवं गैर–सरकारी संगठनों की शाला में अध्ययनरत् छात्राओं में महिला सशक्तिकरण के लिये चलाई जा रही योजनाओं में पड़ने वाली प्रभावशीलता का अध्ययन करना।

2. सरकारी योजनाओं एवं गैर–सरकारी संगठनों के प्रमुखों द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिये किये प्रयासों का अध्ययन करना।

3. सरकारी योजनाओं एवं गैर–सरकारी संगठनों से छात्रायें कहां तक अवगत हैं इसकी जानकारी प्राप्त करना।

4. सरकारी योजनाओं एवं गैर–सरकारी संगठनों का विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्राओं के सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के योगदान का अध्ययन करना।

5. सरकारी योजनाओं एवं गैर–सरकारी संगठनों के सदस्यों का महिला सशक्तिकरण के लिये किये गये प्रयासों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

6. सरकारी योजनाओं एवं गैर–सरकारी संगठनों के द्वारा किये स्वरोजगार संबंधी कार्यो का अध्ययन कराना।

7. महिलाओं को स्वतंत्र एवं सशक्त बनाना ही आधुनिक शिक्षा की सार्थकता एवं उपयोगिता का अध्ययन है इस शोध का प्रमुख उद्देश्य है।

8. महिलाओं को वर्तमान स्थिति का एवं उनके अधिकारों से परिचित कराते हुए उनको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना।

सारणी –1

शासकीय हाई स्कूल स्तर पर अध्ययनरत सामान्य एवं अनुसूचित जाति छात्राओं की महिला सशक्तिकरण हेतु क्रियाशील सरकारी योजनाओं एवं गैर–सरकारी संगठनों की प्रभावशीलता से संबंधित परिणाम

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता
सामान्य वर्ग	100	42.30	11.78	1.99	3.66	सार्थक अंतर हैं।
अनुसूचित जाति	100	35.60	16.15			

स्वतंत्रता के अंश –198

0.05 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 1.97

0.01 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 2.60

सारणी –2

शासकीय हाई स्कूल स्तर पर अध्ययनरत सामान्य एवं अनुसूचित जनजाति छात्राओं की महिला सशक्तिकरण हेतु क्रियाशील सरकारी योजनाओं एवं गैर–सरकारी संगठनों की प्रभावशीलता से संबंधित परिणाम

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता
सामान्य वर्ग	100	42.30	11.78	2.01	4.17	सार्थक अंतर हैं।
अनुसूचित जाति	100	33.90	16.36			

स्वतंत्रता के अंश –198

0.05 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 1.97

0.01 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 2.60

सारणी –3

शासकीय हाई स्कूल स्तर पर अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति छात्राओं की महिला सशक्तिकरण हेतु क्रियाशील सरकारी योजनाओं एवं गैर–सरकारी संगठनों की प्रभावशीलता से संबंधित परिणाम

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता
पिछड़ा वर्ग	100	42.30	11.95	2.00	3.65	सार्थक अंतर हैं।
अनुसूचित जाति	100	35.60	16.15			

स्वतंत्रता के अंश –198

0.05 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 1.97

0.01 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 2.60

सारणी –4

शासकीय हाई स्कूल स्तर पर अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति छात्राओं की महिला सशक्तिकरण हेतु क्रियाशील सरकारी योजनाओं एवं गैर–सरकारी संगठनों की प्रभावशीलता से संबंधित परिणाम

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता
पिछड़ा वर्ग	100	42.90	11.95	2.00	4.45	सार्थक अंतर हैं।
अनुसूचित जाति	100	33.90	16.36			

स्वतंत्रता के अंश –198

0.05 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 1.97

0.01 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 2.60

सारणी –5

शासकीय हाई स्कूल स्तर पर अध्ययनरत अनुसूचित जाति वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति छात्राओं की महिला सशक्तिकरण हेतु क्रियाशील सरकारी योजनाओं एवं गैर–सरकारी संगठनों की प्रभावशीलता से संबंधित परिणाम

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता
अनुसूचित जाति	100	35.60	16.15	2.29	0.74	सार्थक नहीं अंतर हैं।
अनुसूचित जनजाति	100	33.90	16.36			

स्वतंत्रता के अंश –198 0.05 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 1.97
0.01 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 2.60

सारणी –6

अशासकीय हाई स्कूल स्तर पर अध्ययनरत सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग छात्राओं की महिला सशक्तिकरण हेतु क्रियाशील सरकारी योजनाओं एवं गैर–सरकारी संगठनों की प्रभावशीलता से संबंधित परिणाम

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता
सामान्य वर्ग	100	38.50	17.60	2.26	1.54	सार्थक अंतर नहीं हैं।
पिछड़ा वर्ग	100	42.00	14.21			

स्वतंत्रता के अंश –198 0.05 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 1.97
0.01 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 2.60

सारणी–7

अशासकीय हाई स्कूल स्तर पर अध्ययनरत सामान्य एवं अनुसूचित जाति छात्राओं की महिला सशक्तिकरण हेतु क्रियाशील सरकारी योजनाओं एवं गैर–सरकारी संगठनों की प्रभावशीलता से संबंधित परिणाम

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता
सामान्य वर्ग	100	38.50	17.60	2.31	0.08	सार्थक अंतर नहीं हैं।
अनुसूचित जाति	100	38.30	15.06			

स्वतंत्रता के अंश –198 0.05 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 1.97
0.01 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 2.60

सारणी –8

अशासकीय हाई स्कूल स्तर पर अध्ययनरत सामान्य एवं अनुसूचित जनजाति छात्राओं की महिला सशक्तिकरण हेतु क्रियाशील सरकारी योजनाओं एवं गैर–सरकारी संगठनों की प्रभावशीलता से संबंधित परिणाम

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता
सामान्य वर्ग	100	38.50	17.60	2.54	0.30	सार्थक अंतर नहीं हैं।
अनुसूचित जाति	100	36.60	18.38			

स्वतंत्रता के अंश –198 0.05 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 1.97
0.01 विश्वास के स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 2.60

समस्या एवं सुझाव –

1. सरकार द्वारा महिलाओं को प्रदत्त अधिकारों की पूर्ण जानकारी के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण में कमी आ जाती है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की महिलायें अपने अधिकारों की जानकारी से वंचित हो जाती है जिसके लिये प्रयास करना आवश्यक है।

2. कानून के अधिकार, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित माहौल बनाना भी महिलाओं के लिये अति आवश्यक है।

3. गैर सरकारी संगठन जिस तरह सरकारी योजनाओं में अपना योगदान देते है जैसे कि नुक्कड़ सभायें करते हैं, नाटक करते है, शिक्षण संस्थाओं में जाकर उन्हें अपना सहयोग प्रदान करते हैं उसी प्रकार सरकार को भी प्रयोगात्मक कार्य करने के लिये अपने कर्मचारियों को निर्देशित करना चाहिये।

4. ऐसे विषयों को पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाये, जो महिला को सशक्त बनाने में सहायक होते हैं।

5. ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षित एवं तकनीकी ज्ञान प्राप्त शिक्षकों की नियुक्ति की जानी चाहिये।

6. ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिये।

7. बालिका विद्यालयों में केवल महिला शिक्षकों की नियुक्ति की जानी चाहिए।

8. बालिका विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी केवल महिलाओं को ही नियुक्त किया जाना चाहिए।

संस्था प्रमुख/ग्राम पंचायत प्रमुख हेतु सुझाव –

1. सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं का सख्ती से पालन होना चाहिये।

2. शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ प्रतिमाह शिक्षा से संबंधित मीटिंग बुलाकर आयोजन करने चाहिये।

3. ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी महिला काऊंसलरों की नियुक्ति की जानी चाहिये।

कृषि से होता उद्योगों का विकास

श्रीमति रश्मि पटैल, शोध छात्रा, अर्थशास्त्र विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

प्राचीन काल से भारत एक कृषि प्रधान देश रहा है। नियोजन के लगभग 60 वर्षो में कृषि के स्वरूप में कुछ परिवर्तन देखने को मिला है, लेकिन फिर भी कृषि ने देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को बहुत अधिक प्रभावित किया है। देश की राष्ट्रीय आय, रोजगार विदेशी व्यापार, पूंजीनिर्माण, आयात–प्रतिस्थापन, जीवन स्तर आदि सभी को कृषि क्षेत्र ने बहुत अधिक प्रभावित किया है। हमारे देश के लगभग 70 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं जिनमें से लगभग 52 प्रतिशत लोग कृषि संबंधित क्षेत्रों से अपनी आजीविका प्राप्त करते है। भारत के कुल विदेशी व्यापार (निर्यातों) में कृषि का योगदान 17 प्रतिशत के लगभग देखने को मिलता है।

भारत में कृषि बहुत से उद्योगों का आधार है। इनमें चाय, जूट, कपड़ा, चीनी आदि। उद्योगों को शामिल किया जाता है, अर्थात् कृषि भारतीय उद्योगों की जननी कही जाती हैं, किन्तु पिछले कुछ वर्षो में उद्योगों के लिये कृषि का महत्व कुछ कम हुआ है। विभिन्न उद्योगों में तो (जैसे उर्वरक, कीटनाशक दवाइयां ट्रैक्टर थ्रेसर आदि) कृषि क्षेत्र की मांग पर ही निर्भर करते है। इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचनात्मक परिवर्तन की दशा से यह ज्ञाात होता है कि भारत में उद्योगों के महत्व में वृद्धि हुई है, लेकिन फिर भी कृषि भारतीय उद्योगों का आधार तथा आर्थिक विकास की कुंजी के रूप में देखने को मिलती है।

राष्ट्रीय आय एवं उसके संघटकों के सरकारी आकलन नियमित रूप से एवं वार्षिक आधार पर 1948–49 से प्राप्त होते है। इससे पूर्व व्यक्तिगत आधार पर दादाभाई नौरोजी, लार्ड कर्जन, बारबर आदि विद्वानों ने समय–समय पर जो आकलन तैयार किए हैं उससे स्पष्ट होता है कि उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध से लगभग प्रथम महायुद्ध तक दो तिहाई राष्ट्रीय आय कृषि क्षेत्र से प्राप्त होती थी, जो औद्यागिक विकास के पिछड़ेपन औद्योगिक आधारभूत आर्थिक संरचना के अभाव का प्रभाण थी।

विदेशी व्यापार की दृष्टि से भी कृषि का भारतीय अर्थव्यवस्था में विशेष महत्व है। वर्तमान में लगभग 17 प्रतिशत कुल निर्यातों में कृषि वस्तुओं का होता है। इस श्रेणी में चाय, जूट, सूती वस्त्र, खली, काजू तम्बाकू, वनस्पति तेल, काली मिर्च, चमड़ा आदि वस्तुएं है, जो निर्यात की जाती है। सरकार द्वारा देश के कृषि विकास के लिये निम्नलिखित उपाय कर सकती है, जैसे– उत्पादन की नई तकनीक का प्रयोग कृषि आगतों के लिये आर्थिक सहायता कृषि विपणन की व्यवस्था, यातायात, के साधनों का विकास मूल्य संबंधी सूचनाओं का प्रकाशन साख सुविधाओं का विस्तार कार्य पदार्थो के मूल्य में स्थिरीकरण आदि। इन सभी उपायों पर सरकार कार्य कर सकती है जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी तथा जो देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

सहकारिता से तात्पर्य परस्पर सहयोग से मिल–जुलकर कार्य करने से है अर्थात् किसी विशिष्ट उद्देश्य की पूर्ति हेतु आपसी सहयोग के आधार पर कार्य करना सहकारिता कहलाता है। सहकारिता संगठन आर्थिक दृष्टि से निर्बल उस संगठन का नाम है जो स्वेच्छा से आर्थिक हितों की पूर्ति के लिये बनाया जाता है। इससे आपसी सहयोग, त्याग, आत्मनिर्भरता और मितव्ययिता आदि गुणों का विकास होता है। भारतीय सहकारी नियोजन समिति ने भी अपनी सहकारिता संबंधी विचारों में कहा है कि ''सहकारिता एक ऐसा संगठन एक ऐसा संगठन है जिसमें व्यक्ति स्वेच्छा से समानता के आधार पर अपनी आर्थिक उन्नति हेतु सम्मिलित होते है।

सहकारी आंदोलन का मूल्यांकन –यह एक वाद–विवाद का विषय है कि सहकारित ने भारतीय कृषि में परिवर्तन करके कृषि उद्योग लाभदायक बनाया है या सहकारिता से कृषि उत्पादन, विपणन व्यवस्था, यातायात आदि समस्याओं में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

भारत में सहकारिता आंदोलन के परिणामस्वरूप किसानों को बहुत अधिक लाभ प्राप्त हुए हैं, जैसे – किसानों को सस्ती दर पर आसानी से ऋण उपलब्ध हो जाता है जिससे किसानों की ऋणग्रस्तता में कमी आयी है। इस समय भारत में सहकारी समितियां किसानों की एक चौथाई ऋण आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं। इसके अतिरिक्त सहकारी आंदोलन की सफलता उपभोक्ता समितियों एवं उद्योगों में दिखाई पड़ती है।

इसके अतिरिक्त समितियों ने उत्तम बीज, कृषि उपज को बेचने व कृषि पदार्थो को रखने के लिये गोदामों की व्यवस्था की है। तीसरे सहकारी समितियों ने शहरी क्षेत्रों में भी मध्यम आय वर्ग के लोगों को मकान बनाने तथा अन्य कार्यो के लिये सहायता प्रदान की है। इस प्रकार सहकारिता के अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में निम्न आय वर्गो के लोगों के आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान नहीं है।

इन सफलताओं के बावजूद सहकारिता आंदोलन का लाभ अधिकांश जनता को नहीं मिल पाया हैं। सहकारिता आंदोलन का कहना है कि सहकारिता न तो ग्रामीण जनता की गरीबी को ही मिटा पाया है और न ही इसके परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन में वृद्धि, विपणन की अच्छी व्यवस्था, उन्नत जीवन स्तर ही प्राप्त हुए हैं तथा यह आंदोलन कृषि में साहूकारों व जमींदारों के शोषण पर नियंत्रण करने में असफल रहा है। गुन्नार मिर्डल ने सहकारिता आंदोलन के बारे में लिखा है, ''समिति को देखकर यह चिन्ता होती है कि निहित स्वार्थ देश में सहकारी समिति के संचालन को बिगाड़ रहे हैं। यह स्थिति सहकारी आंदोलन के भविष्य के लिये खतरे से पूर्व है तथा आंदोलन की उपयोगिता एवं आवश्यकता के विषय में जनता के विश्वास को समाप्त कर देगी।

सहकारिता के संदर्भ में संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि सहकारिता से आर्थिक लाभ के अतिरिक्त सामाजिक व नैतिक लाभ भी देखने को मिले हैं। जिन क्षेत्रों में सहकारित सफल रही है उन क्षत्रों में लोगों का आपसी सहयोग तथा सद्भावना का विकास हुआ है। लोगों में फिजूल–खर्ची तथा मुकदमेबाजी की प्रवृत्ति कम हुई है तथा लोगों में ईमानदार, शिक्षा आत्मनिर्भरता, मितव्ययिता स्वावलम्बन तथा पारस्परिक सहयोग की भावना का विकास हुआ है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में सरकार को सहकारित के माध्यम से बहुत सफलता प्राप्त हुई है।

विश्व व्यापार संगठन के कृषि प्रावधान

भारत में कृषि क्षेत्र में विश्व व्यापार संगठन के प्रावधानों को लागू किए जाने के फलस्वरूप कृषि व सम्बद्ध क्षेत्र में आयात पर से मात्रात्मक प्रतिबंध हटाकर विदेशी उत्पादकों के लिये दरवाजे पूरी तरह खोल दिए जाते है। विश्व व्यापार संगठन के कृषि प्रावधान से संबंधित ये विचार मूलरूप से विकसित देशों की वास्तविक समस्याओं से सम्बद्ध है। अत्यधिक सब्सिडी और परिणामस्वरूप संरचनात्मक अधिशेष विकसित देशों की चिन्ता का विषय था, और हैं। इसके विपरीत भारत जैसे विकासशील देशों के लिये चिन्ता का विषय है। कम उत्पादकता अपर्याप्त सार्वजनिक व निजी निवेश, तकनीक की अनुपलब्धता तथा बढ़ती जनसंख्या के लिये खाद्य सुरक्षा WTO के प्रावधानों को भारतीय कृषि के संदर्भ में निम्नवत् देखा जा सकता है

1. भारतीय कृषि कीमतें अधिकांश अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों से नीची थीं, परंतु विकसित देशों द्वारा अधिकांश मात्रा में सब्सिडी उपलब्ध कराने के परिणामस्वरूप परिस्थितियों में बदलाव आ रहा हैं। चूंकि अन्तर्राष्ट्रीय कीमतें भारतीय कृषि कीमतों से नीची हो गई हैं, इसलिये भारतीय किसानों को नुकसान हो रहा है। किसानों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याएं और कई राज्यों में बढ़ती हुई अशांति का कारण यह है कि किसान कृषि उत्पादन व निर्यात में लगे हुए थे। उन्हें घोर संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में प्रो. पी.आर. ब्रह्मनंद का कथन है कि ''हमें अपने देश के हितों को सर्वोपरि स्थान देना चाहिए। यदि हमें किसानों के हितों के लिये (WTO) को छोड़ना भी पड़े तो मैं इसे अनुचित नहीं समझता।''

2. विश्व व्यापार संगठन (WTO) का एक और समझौता तो कृषि पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। यह 'बौद्धिक सम्पदा अधिकार' विशेषकर सूक्ष्मजीवों और पौध तथा बीज की किस्मों के संरक्षण से संबंधित अधिकार है। आलोचकों का कहना है कि बीजों एवं पौधों की किस्मों का पेटेन्ट होने से देश के कृषक प्रत्येक वर्ष बीज बहुर्राष्ट्रीय कंपनियों से खरीदने होंगे और वह अपने फार्म पर उत्पादित बीजों का अगली फसल के लिये प्रयोग में नहीं ले सकेंगे। अतः विभिन्न फसलों की उत्पादन लागत में वृद्धि होगी।

निष्कर्ष रूप में यह कहा जा सकता है भारतीय फार्मो को अपने उत्पादों को पेटेन्ट के रूप में पंजीकृत कराने की संस्कृति का विकास करना होगा तथा भारत सरकार (WTO) के साथ बातचीत में भारतीय कृषि तथा जनता के हितों का पूरा ध्यान रखें। किसान के संदर्भ में यह कहा जाता है कि किसान के दोनों हाथ हल पर तथा उसकी दोनों आंखें बाजार पर होनी चाहिए। किसान को यह पता होना चाहिए कि वह जिस फसल का उत्पादन करगा उसकी सबसे अच्छी कीमत किस बाजार में प्राप्त हो सकती है, लेकिन भारतीय कृषि में विपणन की उचित

व्यवस्था देखने को नहीं मिलता है, कृषि उत्पादन के विपणन में निम्नलिखित समस्याएं देखने को मिलती है :–

1. **बिचौलियों की लंबी श्रृंखला** – भारत में कृषि उपज के विपणन में मध्यस्थों (किसानों व उपभोक्ताओं के बीच)की एक लंबी श्रृंखला है। जिसमें गांव का साहूकार, महाजन, घूमता–फिरता व्यापारी, कच्चा आढ़तिया, पक्का आढ़तिया, थोक व्यापारी, मिल वाला, दलाल, निर्यातकर्ता, व्यापारी आदि शामिल है। इन सभी के द्वारा कुछ–न–कुछ लाभ अवश्य मिल जाता है। जिसका प्रभाव यह होता है कि उपभोक्ता द्वारा दिए जाने वाले मूल्य क एक महत्वपूर्ण भाग यह मध्यस्थ ले लेते है।

2. **मण्डियों की कुरीतियां** – भारत में मंडियों में बहुत सी कुरीतियां देखने को मिलती हैं। जिससे किसानों का शोषण होता है। यहां 1. तराजू–बाट में गड़बड़ी की जाती, 2. नमूने के रूप में उपज का एक अंश निकाल लिया जाता हैं, 3. मूल्य आढ़तिया व किसान का दलाल तय करता है जिसमें किसान को विश्वास में नहीं लिया जाता है, 4. दलाल सदा ही आढ़तिए का पक्ष लेता है, 5. यदि विवाद होता है इस स्थिति में किसान के हितों की रक्षा करने वाला कोई नहीं होता है।

3. **श्रेणीकरण व प्रमापीकरण का अभाव** –भारत में कृषि उत्पादन में श्रेणीकरण व प्रमापीकरण का अभाव पाया जाता है। बहुत से किसान जानबूझकर मिट्टी या अन्य किसी ऐसी वस्तु को मिलावट करके उपज को बेचने के लिये ले आते है जिसका परिणाम यह होता है कि किसान को अपनी उपज का कम मूल्य प्राप्त होता है।

4. **परिवहन सुविधाओं का अभाव** – किसानों को विपणन के लिए परिवहन सुविधाओं की समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। गांव से शहर को जोड़ने वाली अधिकांश सड़कें कच्ची हैं जिन पर बरसात के मौसम में चलना बहुत मुश्किल होता है। परिवहन के साधनों के रूप में ऊंट, गधा, खच्चर, बैलगाड़ी आदि का प्रयोग किया जाता है। ये साधन मंहगे पड़ते हैं समय भी अधिक लगता है तथा कृषि वस्तुओं का क्षय भी होता है।

5. **मूल्य संबंधी सूचनाओं का अभाव** –किसानों को मूल्य संबंधी जानकारी भी नहीं होती हैं, क्योंकि गांवों में समाचार–पत्र व पत्रिकाओं का अभाव होता है। साथ ही अधिकांश कृषक अनपढ़ भी होते हैं तथा वे महाजनों द्वारा बताए गए मूल्यों पर विश्वास कर लेते हैं जो शायद ही उनको उचित मूल्य बताते है।

समकालीन गीतिकाव्य धारा का विकास

श्री सच्चिदानंद दुबे, शोधार्थी, हिंदी एवं भाषाविज्ञान विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर

निष्पक्ष होकर देखें तो इस तथ्य को स्वीकार कर लेने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि जितनी भी ललित कलाए हैं, चाहे वो साहित्य के रूप में हो चाहे और किसी रूप में, सबकी सामंती युग की देन है। कविता, चित्रकारी, नृत्य, गायन, नाटक आदि सभी कलाएँ सामंतीकाल में सुव्यवस्थित हुई। इसी युग में इनके अलग–अलग विधि–बने। यह सही है कि मनुष्य ने पूर्व ऐतिहासिक काल में भी, जब वह गुफाओं में रहता था, कलाओं की तरफ़ अपने पग बढ़ाने आरंभ कर दिए थे। वह नाचता था, गाता था, चित्र बनाता था, पर तब ये कलाएँ प्रारंभिक अवस्था में थीं। इनका कोई विधि–विधान नहीं था, इनकी कोई व्याकरण नहीं थी। मानव–समाज में जैसे–जैसे एक ऐसा वर्ग उत्पन्न होता गया, जिसे हम इतिहास में संभ्रातवर्ग के नाम से जानते हैं, वैसे–ही–वैसे ललित कलाएँ तीव्र गति से अपने विकास की ओर बढ़ने लगीं। कारण यह था कि परिस्थितियों ने मानव–समाज में जिस संभ्रात को पैदा किया था, उसने अपने से निर्बल लोगों के श्रम पर निर्भर रहकर सुविधापूर्वक सीख लिया था। अपनी आजीविका के लिये स्वयं काम न करके वह अपने शेष समय को रचनात्मक कार्यों में लगा रहा था, यही वह वर्ग था, जिसने भिन्न–भिन्न कलाओं को शास्त्रीय विधान से युक्त किया। मानव–समाज में जब सामंतवादी रीतियाँ स्थापित हुई तो इसी संभ्रांत वर्ग के बुद्धजीवियों ने अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राजा–महाराजाओं, बादशाहों के दरबारों में शरण ली, उनकी प्रशंसा में कविताएँ लिखीं, महाकाव्य लिखे और जैसा कि जीवन के हर क्षेत्र में हुआ, सामंती उपलब्धियों राजशाही की पकड़ ढ़ीली होते–होते दरबारों से निकल–निकलकर गली–कूँचों की तरफ़ बढ़ती चली गई और जैसे ही राजशाही का पतन हुआ, ये समस्त उपलब्धियाँ भी जनजीवन की साझा संपत्ति में ढल गईं।

गीत की एक विशेषता यह भी थी कि उसका प्रत्येक भोर अपनी विषययुक्त के दृष्टिकोण से अपना एक अलग और पूर्ण अस्तित्व रखता था और उसमें रच सकता था, इसलिए दरबार के गीत जब शबाब, शराब और इश्क–आशिकी की मनोरंजन सामग्री को लेकर सूफ़ी–संतों की दरगाहों से जुड़ी तो भक्तिभाव की अभिव्यक्ति का माध्यम बन गई।

हिंदी–भाषियों को गीत की बहस में इतनी गहराई तक ले जाने की आवश्यकता नहीं थी। किंतु यह विस्तृत चर्चा इसलिए की गई कि हिंदी और उर्दू दोनों के ही पाठक यह बात भली प्रकार समझ सकें कि मानव–समाज में ललितकलाओं का उदय किस प्रकार हुआ। सांमतीवाद मे इनकी स्थिति क्या थी? गीत इस प्रक्रिया से अलग नहीं रही है।

यह तथ्य भी याद रखने योग्य है इस साहित्यिक विधा को भारत के बुद्धिजीवियों और रचनाकारों ने गीत नाम से ही उस समय स्वीकार कर लिया था। अमीर खुसरो, कबीर या भारतेन्दु ने इस विधा के अंतर्गत जो कुछ लिखा, उसे गीत नाम ही दिया। नाम पर अपना अलग ठप्पा लगाना होता तो उसी समय यह काम हो गया होता या इस प्रकार का कोई विवाद उठा होता, लेकिन नहीं उठा। इसका तात्पर्य यह है कि तब तक यहॉ गीत को गीत के नाम से स्वीकार करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं थी। यह आपत्ति बाद में हुई और अकारण हुई।

हमारे इस तर्क के विरोध में आसानी से कहा जा सकता है कि हिंदी साहित्यकारों ने गीत को पूर्णरूप से अपनाकर गंभीरतापूर्वक कार्य किया ही नहीं था। कतिपय कवियों ने कभी कभी गीत के नाम पर थोड़ा–बहुत कार्य किया हो तो बात अलग है। उनके विचार में जब इस विधा को पूर्णरूप से अपनाने की स्थिति ही नही आई और इस विधा में उल्लेखनीय काम ही नही हुआ तो नाम ज्यों–का–त्यों रखने या उसे बदलने की चर्चा भी नही हुई। ऐसा करने वालों का पक्ष एक सीमा तक ठीक भी हो सकता है। किन्तु हमारा प्रथव और अन्तिम प्रश्न यही है कि नाम–परिवर्तन की ये मुहिम उस समय क्यों चल रही है, जब गीत हिंदी में लगभग स्थापित हो गई है। दुर्भाग्य यह है कि जिस तरह हमारा साहित्य ही नहीं, पूरा जीवन राजनीतिक नारेबाजी से भ्रमित हो रहा है, गीत भी शायद उसकी भेंट चढ़ती जा रही है। हमारा निवेदन है कि गीत को गीत ही रहने देकर यह जानने का प्रयास किया जाए। गीत एक विधा के रूप में वस्तुतः है क्या? इसकी अपनी क्या–क्या विशेषताएँ हैं ? कौन से नियमों के अन्तर्गत इसे लिखा जाना चाहिए? इसके निर्माण में कौन कौन से नियमों का पालन होता है? इसका ढाँचा किस प्रकार बनता है और इसके अत्याधिक आवश्यक अंग क्या हैं? नाम परिवर्तन

के झगड़ों में पड़ने की अपेक्षा ये बाते जानना इसलिए आवश्यक है कि हिंदी–गीत के क्षेत्र में काम करने वाले रचनाकार के अभाव में वे गलतियाँ न करें, जो गीत को गीत के स्तर से गिरा देती है।

जहाँ इसके और बहुत से कारण हैं, वहीं सबसे बड़ा कारण है कि नाम परिवर्तन के बाद इस विधा की वह सुगठित व्यवस्था भी ढीली पड़ जाएगी, जो गीत के लिये अनिवार्य मानी जाती है। स्पष्ट है कि जब गीत, गीत नहीं रहेंगे, तेवरी या गीतिका बन जाएगी तो उसके साथ वे अनिवार्यताएँ भी उसके व्याकरण की वे शर्तें भी नही रहेंगी। जो गीत को उसकी सांस्कृतिक व्यवस्था से जोड़े रखती है। ऐसा लगता है कि नाम–परिवर्तन के पक्षधर या तो किसी राजनीति का शिकार है या फिर वे अपनी सुविधा के लिए इस विधा की गहन जानकारी प्राप्त न करते हुए गीत विधागत शर्तों से मुक्त होना चाहते हैं। संभवतः वे समझते है कि जब गीत नाम नहीं रहेगा तो उसकी व्यवस्था को पूर्णरूप से मानना आवश्यक नहीं रहेगा। यह एक नकारात्मक सोच है। इसे त्यागना होगा। हमारे लिऐ ऐसे वाद विवाद में पड़ने से अच्छा है कि हम गहराई से यह जानने का प्रयास करें कि गीत क्या है और अच्छे गीत रच सकें अथवा पाठक के रूप में उसे समझ सकें।

गीत के लहजे का पुरुषार्थ उसे गीत की विधा से अलग कर देता है, लेकिन यह विशेषता मात्र गीत के अंदाज और उसके लहजे की है। इसके अतिरिक्त गीत की कुछ ऐसी रचनात्मक विशेषताएँ भी हैं, जिनकी चर्चा करना यहाँ इसलिए आवश्यक है ताकि हम गीत की आत्मा तक पहुँच सकें।

सर्वप्रथम जिस बात पर सबसे अधिक और सबसे पहले जोर दिया जाना चाहिए, वह है इसके छंदों या बहरों को पर्याप्त ज्ञान। पुस्तकीय ज्ञान न भी हो तो गीत की ये सारही बह्रें–छंद अंतर्गत कोई गीतकार अपने गीत रच रहा है, उसके अवचेतन में विद्यमान हों। वह अनुभव करें कि भोर कहते हुए वह छंद मुक्त तो नहीं हो गया है या बह्र से बाहर तो नहीं चला गया है ?उसे एहसास हो कि वह कहा–कहाँ पर गलतियाँ कर रहा है? यह योग्यता कई कवियों और शायरों में गीत के व्याकरण का पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त किए बिना भी आ जाती है। उदाहरण के लिए जब हम देखते हैं कि घर का एक बालक अपनी मातृभाषा का पुस्तकीय व्याकरण जाने बिना भी बातचीत में बिल्कुल सही भाषा का प्रयोग करता है, वह वाक्य की बनावट में भाषागत व्यवस्था से संबंधित कोई बड़ी भूल नहीं करता तो हमें कोई आश्चर्य नहीं होता। क्योंकि बालक होश सँभालते ही उस भाषागत व्यवस्था से परिचित हो जाता है, जिसे आस–पास के बड़े उसके सम्मुख क्रियात्मक रूप में पेश करते रहते हैं। धीरे–धीरे उसके कान और उसकी बुद्धि शब्दों की भाषाई व्यवस्था को चुपचाप ग्रहण करती रहती और सही वाक्य बोलने–लिखने के योग्य हो जाता है। ठीक इसी से मिलती–जुलती स्थिति गीत की भी है। यदि कोई काव्यानुकूल–स्वभाव वाला व्यक्ति निरंतर गीत की संस्कृति के संपर्क में बना रहता हैं, अभ्यास करता रहता है, यह जानने की कोशिश करता रहता है कि गीत के पहले के उस्तादों ने किस अंदाज से कहे हैं, वह उन्हें पढ़ता रहता है और याद करता रहता है तो वह बिलकुल संभव है कि वह एक अच्छी और दुरूस्त गीत कहने के योग्य हो जाए। शर्त यही है कि उस व्यक्ति का स्वभाव सर्वप्रथम तो काव्यानुकूल हो, दूसरे उसने गीत कहने–लिखने का लगतार अभ्यास किया हो। तीसरे, पहले के स्थापित उस्तादों के गीत उसने पढ़े, और कंठस्थ किए हों, उन्हें सामने रखकर यह समझने का प्रयास किया हो कि इन्हें किस व्यवस्था के अंतर्गत लिखा गया है। इन पंक्तियों के लेखक को यह सोचकर कई बार आश्चर्य हुआ है कि संत कबीर, जो उन अर्थो में शिक्षित नहीं थे, या शब्द–ज्ञान नहीं रखते थे, जिस अर्थों में हम किसी व्यक्ति का शिक्षित होना स्वीकार करते हैं, फिर भी जब 'कबीर' गीत कहते हैं तो व्याकरण संबंधी कोई ऐसी अशुद्धि नहीं छोड़ते, जिस पर दूर से ही उँगली उठाई जा सकती है।

एक अन्य कारण यह भी है कि गीत हो अथवा छंदबद्ध कविता, इसके साथ वहीं कलाकार न्याय कर सकते हैं, अर्थात स्वभाव से काव्यात्मक प्रवृत्ति का होना। कबीर और खुसरों जैसे महापुरुष अपने जन्म से ही काव्यात्मक स्वभाव वाले व्यक्ति थे। उन्होंने दोहा, कविता, अथवा गीत को सिर्फ पढ़–सुनकर ही उसके छंदो/मात्राओं को गहराई के साथ समझा था। बाद में विदेशी साम्राज्य के साथ भारतीय साहित्य में भी क्रांतिकारी परिवर्तन आया और कविता को धीरे–धीरे छंदों के बंधन से मुक्त कर दिया गया तो नाम, ख्याति और लोकप्रियता अर्जित करने के लिये ऐसे लोग भी कविता के क्षेत्र में आ गए, जिनकी मूल प्रवृत्ति जो छंदमुक्त प्रणाली में व्यक्त हो सकता हो सकता था और हुआ भी किंतु जब इन काव्यात्मक स्वभाव से विहीन लोगों ने गीत लिखना आरंभ किया तो स्वभावतः वे गीत की उस विधागत अनिवार्यता को पूरा नही कर सकें, जो उसके लिए आवश्यक थी। परिणामतः गीत के नाम पर भारी अराजकता व्याप्त हो गई। नाममात्र के कुछ लोगों को छोड़कर एक बड़ी भीड़ उन लोगों की थी, जिन्होंने गीत के नाम पर अतुकांत और छंदविहीन पंक्तियाँ लिखीं। ऐसी रचनाएँ गीत के नाम से पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित भी

हुई। यह सामग्री दूसरों के लिए नमूना बनी और इस तरह गीत के नाम पर गीतहीनता को बढ़ावा मिलता गया। निःसंदेह, इस स्थिति को बढ़ाने में पत्र–पत्रिकाओं के संपादकों का भी बहुत बड़ा हाथ रहा है, किन्तु हम उन्हें इसलिए सीधा–सीधा दोष नहीं ठहरा सकते कि गीत को पराया समझने का जो लंबा दौर बीता था, उसने भी संपादकों–प्रकाशकों को बड़ी सीमा तक गीत की विधा से अपरिचित कर दिया था। यहाँ तक कि वह एक सही और गलत गीत के बीच अंतर करने की क्षमता ही खो बैठे थे। ऐसी स्थिति में गीत के नाम पर जो सामग्री उन्हें मिलती रही और उन्हें अपनी रुचि और पसंद के अनुसार ठीक लगी, वहीं उन्होने प्रकाशित की।

परिणामतः हिंदी में गीत की एक गलत परंपरा बनती गई। कुछ ही नाम ऐसे सामने आए, जिन्होंने अपने काव्यात्मक स्वभाव के अंतर्गत गीत को पहचाना। लेकिन ऐसे नाम बहुत कम है। जैसे – रवीन्द्र भ्रमर, बुद्धिनाथ मिश्र, श्री शम्भूनाथ सिंह, डॉ. मधुरिमा सिंह, फिर भी इन्हीं नामों को गीत की लाज रखी और इन्हीं से हिंदी–गीत को शक्ति और समृद्धि प्राप्त हुई।

1.गीतिकाव्य : रामखेलवान पाण्डेय, पृ. 18, 19

2. गीतिका, भूमिका से : 1

3. संस्कृत साहित्य की रूपरेखा : स्व. पाण्डेय और डॉ. नानूराम व्यास, पृ. 266

4. संस्कृत साहित्य का इतिहास : बलदेव उपाध्याय, पृ. 284

5. गीत (पत्रिका) लेख, गीत में संगीतात्मकता, ले. नरेन्द्र शर्मा, सं. दिनेश सक्सेना दिनेशायन, भूपेन्द्र कुमार' स्नेही ', पृ. 20

6. गीत (पत्रिका) लेख, अंतरंग चेतना का माध्यम गीत, नन्ददुलारे बाजपेयी,पृ.27

7. महोदेवीः सम्पा. इन्द्रनाथ मदान, लेख, कलापक्ष, लेखक विश्वम्भर 'मानव' पृ.77

8. साप्ताहिक हिन्दुस्थान 30 अक्टूबर, 66 लेख, प्रश्नचिन्हों की भीड़ में घिरा गीत, लेखक 'नीरज' पृ. 18

पश्चिमी राजस्थान के स्वतंत्रता आन्दोलन में हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका

धर्मेन्द्र कुमार दुबे, रिसर्च स्कॉलर, पैसिफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर

स्वतंत्रता आन्दोलन के कारणों का अध्ययन हमें बताता है कि किस प्रकार दमनकारी नितियों ने अपने पग पसारे और आम जन को आहत किया। जन भावना को प्रकट करना और इस भावना को, समझ कर उसे एक दिशा देते हुए आन्दोलन का स्वरूप देने में जिन आन्दोलन कारियों की भूमिका रही उन सभी ने कहीं न कहीं पत्रकारिता से सम्बन्ध रखा है। पश्चिमी राजस्थान जो थार के रेगिस्तान एवं आरवली पर्वत श्रंखला की पहाड़ियों का अनूठा सगंम है। इस क्षेत्र में स्वतंत्रता आन्दोलन जो कि पुरे देश में हुए आन्दोलन की तुलना में देरी से शुरू हुआ परन्तु यह क्षेत्र इस आन्दोलन से अछूता नहीं रहा यह प्रकट करता है कि स्वतंत्रता आन्दोलन वास्तविक रूप से जन–जागरण एवं जन संवेदनाओं के ज्वार का परिणाम था। पश्चिमी राजस्थान जिस में कि राजस्थान के आठ जिले 1. जोधपुर, 2. पाली 3. जैसलमेंर, 4. सिरोही, 5 बीकानेर, 6. बाड़मेंर, 7. जालोर, 8. नागौर को लिया जाता है। अपने आप में सुदूर रेगिस्तानी क्षेत्र में होने के बावजूद तत्कालीन समय में आन्दोलन कि चिंगाारी वहाँ तक भी पहुँच गयी। इस चिंगारी को हवा देकर आन्दोलन तक ले जाने में जिन–जिन माध्यमों की भूमिका रही उनमें हिन्दी समाचार पत्रों का अपना एक मजबूत वजूद है।

पश्चिमी राजस्थान में राजनीतिक जागृति ब्रिटिश भारतीय प्रान्तों की तुलना में अपेक्षाकृत देरी से हुई। इसका प्रमुख कारण यह था कि पश्चिमी राजस्थान की जनता को ब्रिटिश शासन, राजा और जागीरदारों की तिहरी दासता सहनी पड़ती थी। इसके अतिरिक्त राजपूताना, के विभिन्न राज्यों में आधुनिक सुविधाएं रेल,सड़क, डाक, तार एवं छापाखाने इत्यादि का भी अभाव था।

राजनीतिक चेतना के उदय में हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका

पश्चिमी राजस्थान में राजनैतिक चेतना के विकास में आर्य समाज के संस्थापक दयानन्द सरस्वती का अविस्मरणीय योगदान है। उन्होंने पश्चिमी राजस्थान में बीकानेर (चूरू), उदयपुर और जोधपुर की यात्राएं की तथा पश्चिमी राजस्थान के राजा महाराजाओं और जनता को स्वधर्म, स्वराज्य, स्वदेशी और स्वभाषा का पाठ पढ़ाया। वास्तव में आर्यसमाज एक सामाजिक आन्दोलन ही नहीं, अपितु भारतीय नागरिकों में देशप्रेम उत्पन्न करने वाला आन्दोलन भी था। स्वामी दयानन्द की शिक्षा से पश्चिमी राजस्थानके नागरिक राजनीतिक दृष्टि से जागृत हुए। उन्हें अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों का ज्ञान हुआ। इस तरह उनके ह्रदय में ब्रिटिशवारोधी भावनाएं जन्म लेने लगी।

अंग्रेजी शिक्षा के प्रचार–प्रसार से भी शिक्षित वर्ग में तो चेतना बढ़ी ही, उस वर्ग के अनुसरण में अल्पशिक्षित वर्गो में भी चेतना का उदय हुआ। राजस्थान (मारवाड़) के प्रवासी व्यापारी वर्ग ने देशभर में आवागमन के द्वारा सूचनातंत्र बना लिया था। इस वर्ग ने भी अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय हितों की साधना करने में ही भलाई समझी।

1920 के पश्चात् गांधीजी के आह्वान पर समूचे राष्ट्र में राजनीतिक चेतना के लिए समाचार पत्रों को ही प्रमुख आधार बनाया गया तथापि 1920 से पूर्व ही राजस्थान के प्रारम्भिक समाचार पत्रों–पत्रिकाओं में इसके उदाहरण मिलते है, भले ही वे समाचार पत्र पूर्वोक्त कारकों के सह–अस्तित्व में काम कार रहे थे।

तत्कालीन समाज के हितों की रक्षा के लिए समाचार पत्र स्वयं को पूर्ण उत्तरदायी मानते थे। साथ ही जनहित में किसी भी बात को सरकार के समक्ष रखने से पूर्व नीतिगत युक्तियुक्तता की कसौटी पर कसना वाजिब समझते थे। ऐसे ही पत्रों से राजनीतिक चेतना को स्वर मिलने लगे।

मारवाड़ गजट ने ही डाकन प्रथा का विस्तृत समाचार छापकर रास गांव के ठाकुर को सजा दिलवाई। मारवाड़ गजट न केवल सरकारी सूचनाऐं प्रकाशित करता था अपितु कांग्रेस की गतिविधियों पर भी टीका–टिप्पणी करता था और उसमें राजनीतिक विषयों पर भी अग्रलेख प्रकाशित होते थे। भले ही यह राजपत्र था लेकिन कांग्रेस पर टीका–टिप्पणी करने वाले लेखों के जरिये भी आमजन में कांग्रेस के प्रति जिज्ञासा बढ़ने लगी।

बाबू बालमुकन्द गुप्त ने भी पश्चिमी राजस्थान की देशी रियायतों के पत्र–पत्रिकाओं को विकास में उपादेय बताते हुए देशी राज्यों के पत्रों की राजनैतिक चेतना में अहम भूमिका की ओर संकेत किया है। अजमेर से प्रकाशित अंग्रेजी पत्र राजपूताना हैराल्ड के देशी भाषी

संपादक हनुमान सिंह ने तो ए.जी.जी. कर्नल पॉलेट एवं जोधपुर महाराजा सर प्रताप के खिलाफ आवाज उठाई। पत्र ने नीमाज ठाकुर, जोधपुर राजकुमारी, कामदार हरिसिंह एवं अन्यान्य राजनैतिक पदों पर आसीन लोगों के जनविरोधी कारनामों का पर्दाफाश करते हुए प्रकटतः राजनैतिक चेतना का खुल्लमखुल्ला ऐलान कर डाला। संघर्षशील खोजी पत्रकारिता के पितामह मौलवी मुराद अली ने निरंतर जेल यात्रा के बावजूद अत्याचारों और जुल्मों के खिलाफ लिखना, छापना जारी रखा। उनके द्वारा संपादित राजपूताना गजट राजपत्र नहीं था परन्तु वे इसे किसी भी एक देशी रियासत के राजपत्र गजट से कई गुना अधिक प्रभावी बनाना चाहते थे। मूलतः उर्दू एवं आंशिक हिन्दी के इस पत्र ने इस राजपूताना प्रांत को इकाई मानकर राजनैतिक चेतना के लिए इसमें राजपत्र गजट से भी बढ़कर ढ़ेरों जनहितकारी सूचनाऐं प्रकाशित की है।

डॉ. प्रभाकर ने ठीक ही कहा है, "इन पत्रों ने चेतना के जो बीज बोये, उन्होंने आगे अंकुरित होकर प्रादेशिक राजाओं से भी अभिव्यक्ति की स्वाधीनता अर्जित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।"

वस्तुतः ऐसे समाचार पत्रों ने राष्ट्रीय चेतना के स्वरों को समग्र रूप से प्रकाशित किया है। उस काल के पत्रकार महत्वपूर्ण लेखक, कवि, समाजसुधारक, राजनीतिक लेखक और कार्यकर्त्ता, धार्मिक जगत के नेता और संतमहात्मा थे। उन लोगों में अद्वितीय साहस और अपने उद्देश्यों के प्रति परिश्रम करने की प्रबल शक्ति थी।

बीसवीं सदी के प्रारम्भ के वर्षो में पि" चमी राजस्थान के समाचार पत्रों ने शेष भारत से निरंतर संबंध बनाये रखा और यहाँ के प्रवासी राजस्थानी व्यापारियों ने स्वयं अथवा अनुभवी पत्रलेखकों को समर्थन देकर विभिन्न प्रान्तों में भी पत्र–पत्रिकाऐं छपवाई। इनमें से कुछ जातीय पत्र थे, कुछ धार्मिक तो कुछ समाज सुधार संबंधी : फिर भी इन पत्र–पत्रिकाओं ने तत्कालीन ब्रिटिश भारत के स्वदेशी आन्दोलनों, भील आन्दोलन, स्थानीय किसान असंतोष, आंचलिक जनजातीय विरोध, व्यापारिक गतिरोध, रियासती शासकों के प्रशासनिक अधिकारों पर नियंत्रण एवं अन्याय विविध प्रकार की सामग्री को भी बराबर एवं बारम्बार छापते हुए किसी न किसी रूप में राष्ट्रीय जागृति में अपना योगदान अवश्य दिया है। यह स्वातंत्र्य आंदोलन इतना भव्य विशाल उपवन है कि किसी एक ही व्यक्ति, एक ही संस्था, एक ही पंथ, एक ही समाचार पत्र को इसकी सफलता का संपूर्ण श्रेय नहीं दिया जा सकता है तथापि राजपूताने के अशिक्षित पिछड़े देशी राज्यों में राजनैतिक चेतना के फैलाव के लिए समाचार पत्रों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही है। राजनीतिक विचारकों एवं सामाजिक सुधारकों ने तो अपने उद्देश्यों के लिए समाचार पत्रों को ही सर्वोत्तम शस्त्र बनाया है।

राजस्थान में प्रकाशित पत्र पत्रिकाओं के प्रकाशनकाल पर ध्यान दिया जाए तो विदित होता है कि राजस्थान के पत्र पत्रिकाओं को दीर्घ जीवन दुर्लभ ही रहा। कुछ पत्र बन्द हुए, तो कुछ नए निकले, किन्तु उनके प्रकाशन का सिलसिला बराबर जारी रहा। पत्रों के बन्द होने का एक कारण उनके द्वारा राजनीतिक चेतना जगाने वाली सामग्री छापना भी था, साथ ही अर्थिक विवशता भी। डॉ. प्रभाकर का मत है, "चुंकि स्वाधीनता पूर्व पत्रकारिता का मूल उद्देश्य राजनीतिक चेतना का विकास करना था, इस युग में साहित्य और राजनीति दोनों का अन्योन्याश्रित सम्बन्ध था। राजस्थान समाचार, तरूण राजस्थान, नवीन राजस्थान, राजस्थान जैसे पत्रों में एक ओर जहाँ मुख्य रूप से रियासती शासन के अत्याचार और दमन के करनामों के विरूद्ध समाचार छापकर जनजागृति फैलाई, वहीं इन पत्रों ने समय–समय पर देशभक्तिपूर्ण कविताऐं और कहानियाँ भी प्रकाशित की। त्यागभूमि तो मूलतः साहित्यिक पत्र के रूप में ही प्रांरम्भ किया गया था और उस युग के अनेक लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार उसकी लेखक पंक्ति में थे। यहाँ तक कि समालोचक जैसे पत्र भी स्वदेशी आन्दोलन और अंग्रजी शिक्षा के दुर्गुणों जैसे विषयों पर सामग्री प्रकाशित करता था। तात्पर्य यह है कि साहित्यिक कहे जाने वाले पत्रों ने भी शैली, शिल्प और प्रस्तुतिकरण के अन्तर के साथ देश की तत्कालीन आवश्यकता के अनुरूप राजनीतिक चेतना मूलक सामग्री को प्राथमिकता प्रदान की। यों आज की भाषा में यह भी कहा जा सकता है कि उन्होंने प्रभूत परिमाण में राजनीतिक साहित्य अथवा सामयिक महत्व के साहित्य को प्रकाशित किया।

नवीन राजस्थान पर प्रतिबंध लगने पर संचालकों ने इस का नाम बदलकर तरूण राजस्थान कर दिया। पत्र के तीखे राजनीतिक तेवर को देखते हुए, अलवर, सिरोही एवं बूंदी में रोक लगा दी गई।

तरूण राजस्थान ने राजा महेन्द्रप्रताप के क्रान्तिकारी पत्र और उस पर एक अग्रलेख छापा फलस्वरूप अजमेर के नगर दण्डनायक ने शोभालाल गुप्त को दो वर्ष को कारावास का दण्ड दिया। पत्र ने शोभालाल का बयान छापा "इस नौकरशाही प्रशासन की बदौलत यह

देश जो कभी वैभवशाली था, नैतिक और आर्थिक पतन हो गया है और देशी राज्यों की बची–खुची स्वतंत्रता का अंत।" नीमूचाणाकाण्ड में तरूण राजस्थान ने इसकी जांच के लिए कमीशन बिठाने और दोषी लोगों को दण्ड देने की मांग की। पत्र ने भुक्तभोगियों के साक्षात्कार कर प्रामाणिक तथ्यों के साथ प्रकाशित किय। पत्र ने समय–समय पर देशी राज्यों की समस्यओं पर लाला लाजपतराय, महात्मा गांधी, पी.एल. चूड़गर के लेख तथा संपादकीय टिप्पणियाँ छापते हुए जनजागृति के प्रयास किये। साथ ही अलग–अलग ध्यान वस्तुस्थिति की ओर खींचने के प्रयास किये।

तरूण राजस्थान पर जोधपुर सरकार ने प्रतिबंध लगाया तो यह पत्र राजस्थान संदेश के नाम से पहुँचने लगा।

प्रथम विश्वयुद्ध के पश्चात् आर्थिक–राजनैतिक हालातों पर राजस्थान संदेश ने लिखा, राजस्थानियों का पिछले युद्ध का कड़वा अनुभव यही है कि युद्ध में बलिदान तो किया प्रजा ने पर उसका फायदा मिला नरेशों को।"

जोधपुर पुलिस सुपरिन्डेंट ने जयनारायण व्यास को गिरफ्तार करके जो बयान दिये राजस्थान संदेश ने उसको हू–ब–हू प्रक्रशित किया जिससे जनमत जुटाने में भरपूर मदद मिली। "आर्यमार्तण्ड" पत्र ने इतना समग्र दुष्टिकोण अपनाते हुए सामग्री वैविध्य बनाये रखा कि स्थानीय समाचारों के लिए तो उस पर निर्भर रहना ही पड़ता था, प्रांत की राजनीतिक, सामाजिक और सार्वजनिक समस्याओं पर व्यक्त की जाने वाली उसकी सम्मति को आदर से देखा जाता था। चौसठ पृष्ठीय त्यागभूमि में राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक तीनों ही विषयों पर सामग्री होती थी। इस पत्रिका में एक ओर जहाँ शासकीय अत्याचारों के खिलाफ सटीक एवं निष्पक्ष संपादकीय टिप्पणियाँ भी होती थी, वहीं दूसरी ओर गांधीवादी विचारधारा से ओतप्रोत सृजनात्मक रचनाएं भी। त्यागभूमि ने राजस्थान की समस्याऐं शीर्षक लेख में स्वराज्य को ही एकमात्र उपाय माना है। जोधपुर में मारवाड़ यूथ लीग के समर्थन में पत्र ने प्रशासन द्वारा लगाये गये जुलूस प्रतिबंध की कड़ी आलोचना की। पत्र ने एक स्वस्थ पत्रकारिता मंच के रूप में कांग्रेसी देशी राज्यों के प्रश्न को अपने हाथ में क्यों न ले ? शीर्षक से पक्ष–विपक्ष विचारमाला शुरू की। उपर्युक्त वर्णित कतिपय पत्रों के चन्द ही उदाहरणों से स्पष्ट हो जाता हो जाता है कि पत्रों ने न केवल आन्दोलनों पर प्रत्यक्षतः सामग्री ही प्रकाशित की है बल्कि समाजसुधार एवं राजनीतिक चेतना को भी बराबर महत्व दिया है।

''मारवाड़ की अवस्था'' एवं ''पोपाबाई की पोल''

अक्टूबर, 1929 के द्वितीय सप्ताह में मारवाड़ हिकारिणी सभा का प्रथम अधिवे" ान जोधपुर में सम्पन्न करने का नि" चय किया गया। जिसके लिए जोर–" ाोर से तैयारियाँ प्रारम्भ हो गयी। परन्तु जब तैयारियाँ पूर्ण हो चुकीं तो अचानक महाराजा के निजि सचिव ने एक राज्यादेश निकाल कर इस अधिवेशन पर रोक लगा दी, अतः इस पाबन्दी के विरोध में हितकारिणी सभा के सदस्यों ने जोधपुर में एक आम सभा का आयोजन किया, इस सभा में श्री जयनारायण व्यास एवं श्री आनन्दराज सुराणा आदि ने जोरदार भाशण दिये। श्री व्यासजी उस समय ब्यावर से ''तरुण राजस्थान'' नामक अखबार का प्रका" ान किया करते थे, अतः इन्होंने अपने अखबार में महाराजा के विरुद्ध छपे लेखों की प्रतियाँ श्री भँवरलाल सर्राफ को भेजी, इन भाशणों में ''मारवाड़ की अवस्था'' एवं ''पोपाबाई की पोल'' ने समूचे जोधपुर राज्य में तहलका मचा दिया।

जैसे–जैसे ब्रिटिश सरकार ने दमनकारी एवं सुधारात्मक दोहरी नीतियों के द्वारा जनता पर प्रभाव डालने के प्रयास किये, पत्रों ने भी समय के अनुरूप अपनी प्रवृत्तियों में प्रसंगानुकूल बदलाव करते हुए ठीक उसी प्रकार से समग्र सामग्री प्रकाशित की। शनैः शनैः ब्रिटिश सरकार ने उत्तरदायी शासन संबंधी विभिन्न तुष्टिकरण कदम उठाये और पत्रों ने भी उसी मात्रा मे ंजन असंतोष को बराबर आंदोलन से जोड़े रखा।

पश्चिमी राजस्थान के स्वंतन्त्रता आन्दोलन में हिन्दी समाचार पत्रों की भूमिका उपरोक्त से स्पष्ट हो जाती है। समाचार पत्र पश्चिमी राजस्थान में सबसें पहले मेवाड़ एवं अजमेर से आने शुरू हुए थे। पूरे देश में छपने वाले विभिन्न समाचार पत्रों ने पश्चिमी राजस्थान के इस आन्दोलन को यथोचित स्थान दिया है जो इस आन्दोलन कि महत्ता को प्रकट करता है। हिन्दी समाचार पत्रों का पश्चिमी राजस्थान में प्रदुर्भाव किसी भी प्रकार से हुआ हो लेकिन इन्होंने इस आन्दोलन को चरमोत्कर्ष तक ले जाने में जो भूमिका निभाई है वह वास्तविक रूप से एक सशक्त माध्यम ही निभा सकता है। पत्रकारिता द्वारा पश्चिमी राजस्थान में स्वतंत्रता आन्दोलन को देश भर में पहुचानें का काम भी इन्ही पत्रों ने किया।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची–

1 डॉ. विनीता परिहार, राजस्थान में प्रजामण्डल आन्दोलन, पृ.सं. 6–7।
2 विद्यार्थी सम्मिलित हरिश्चन्द्र चन्द्रिका, कला –8, किरण 3, पृ.सं. 25–25।
3 जगहितकारक, 29 अप्रेल 1863।
4 देशहितैषी, अंक 5, खण्ड 1, पृ.सं. 4–5।
5 डॉ. मनोहर प्रभाकर – राजस्थान में हिन्दी पत्रकारिता, पृ.सं. 42।
6 गुप्त निबंधावली, पृ.सं. 361–365।
7 विद्यार्थी सम्मिलित हरिश्चन्द्र चन्द्रिका, कला 8, किरण 3, सं. 1938 पृ.सं. 1–6।
8 गुप्त निबंधावली एवं बाबू बालमुकंद गुप्त, समाचार पत्रों का इतिहास : अम्बिका प्रसाद वाजपेयी।
9 राजपूताना हैराल्ड, 30 मार्च 1885 एवं 9 सितम्बर 1885।
10 के.एम. सक्सेना, पोलिटिकल मूवमेण्ट एण्ड अवेकनिंग इन राजस्थान, पृ.सं. 118।
11 राम रतन भटनागर, रा.ग्रो.हि.ज., पृ.सं. 131।
12 डॉ. मनोहर प्रभाकर – राजस्थान में हिन्दी पत्रकारिता, पृ.सं. 158।
13 राजपूताना गजट, 8 फरवरी 1896।
14 राजस्थान समाचार, 1 फरवरी 1896।
15 राजपूताना मालवा टाइम्स, 16 मार्च 1896।
16 समालोचक, वर्ष 1905, पृ.सं. 43।
17 स्वदेश, 29 जनवरी, 1928।
18 चौधरी रामनारायण, बीसवीं सदी का राजस्थान, पृ. सं. 43
19 राजस्थान केसरी, 26 जनवरी 1930।
20 नवीन राजस्थान, 3 दिसम्बर 1922।
21 तरूण राजस्थान, 2 एवं 30 मार्च 1923।
22 मीरां, अजमेर, 18 जनवरी 1947।
23 राजस्थान संदेश, 4 जनवरी 1932।
24 राजस्थान में हिन्दी पत्रकारिता (स्वतंत्रता आन्दोलन के संदर्भ में:–डा.आर.डी. सागर)

सैद्धांतिक व्यतिरेक : एक अध्ययन

डॉ. आशा रानी, हिंदी एवं भाषाविज्ञान विभाग, रानी दुर्गावती, वि.वि.

प्रत्येक भाषा एवं बोली की प्रकृति में अपनी निजी विशिष्टता होती है और भिन्न–भिन्न भाषाओं और बोलियों में भिन्न–भिन्न प्रकार की अनेक विशिष्टताएँ दिखाई पड़ती हैं। आचार्य किशोरीदास वाजपेयी के अनुसार ''काल की ही तरह देश–भेद से भी भाषा बदलती है, बहुत धीरे–धीरे।''[1] इन्हीं विशिष्टताओं के आधार पर दो या दो से अधिक भाषाओं या बोलियों के विभिन्न भाषायी तत्त्वों (ध्वनि, रूप, व्याकरणिक कोटि आदि) का तुलनात्मक व वर्णनात्मक विश्लेषण व्यतिरेकी विश्लेषण कहलाता है।

विजय राघव रेड्डी के अनुसार ''व्यतिरेकी अध्ययन के लिए दो या दो से अधिक भाषाओं या बोलियों के सभी स्तरों पर तुलना द्वारा समानताओं और असमानताओं का विश्लेषण किया जाता है।''[2] तुलना के लिए दो अलग–अलग लिपिबद्ध भाषा या एक ही भाषा की अलग–अलग बोलियाँ सकती हैं। बोलियों की तुलना का अर्थ होता है बोलियों की रूप, रचना, संरचना की तुलना। बोलियों में पारस्परिक संबंध इस प्रकार निर्धारित हो की पारस्परिक बोधगम्यता निर्धारित की जा सके। किसी भाषा में ध्वनियों के योग से शब्द, शब्दों के निश्चित क्रम से पदबंध और वाक्यों का निर्माण होता है।

जेसेंक फिसिएक[3] ने व्यतिरेकी अध्ययन के दो मूलभूत प्रकारों को स्वीकार करते हुए आरेख द्वारा व्यतिरेकी अध्ययन के सेद्धांतिक पक्ष को स्पष्ट किया है–

व्यतिरेकी अध्ययन

सैद्धांतिक व्यतिरेकी अध्ययन
अनुप्रयुक्त व्यतिरेकी अध्ययन

सामान्य 1 विशिष्ट 2 सामान्य 3

विशिष्ट 4

जेसेंक फिसिएक सैद्धांतिक व्यतिरेकी अध्ययन को प्रारूप भाषाविज्ञान (Typological Linguistics) का अंग मानते हैं। इससे भाषा के उपयुक्त प्रारूप के निर्माण में सहायता मिलती है, साथ ही समता सादृश्य एवं तुल्यता आदि धारणाओं को निर्धारित किया जा सकता है।आगे सामान्य सैद्धांतिक व्यतिरेकी अध्ययन तथा सामान्य अनुप्रयुक्त व्यतिरेकी अध्ययन को क्रमशः विशिष्ट सैद्धांतिक व्यतिरेकी व विशिष्ट अनुप्रयुक्त व्यतिरेकी अध्ययन के लिए आधार मानते हुए कहते हैं

[1] वजपेयी, किशोरीदास : हिंदी ' शब्दानुशासन, सं. 2055, पृ. 4।
[2] रेड्डी, विजय राघव : व्यतिरेकी भाषाविज्ञान, सन् 1986 ई, पृ. 117।
[3] Fisiak, Jacek : The Colish-English Contrastive Project, 1973, page 7

कि 1 और 2 के संबंध को सार्वभौम व्याकरण और विशिष्ट भाषा–व्याकरण के संबंधों के साथ लगभग जोड़ा जा सकता है। इसी प्रकार 3 के निष्कर्ष व विधियों एवं 2 की उपलब्धियों को 4 के काम में लाया जा सकता है।

व्यतिरेकी भाषाविज्ञान इस कार्य में प्रयत्नशील हैं कि दो भाषाओं की संकालिक संरचनाओ को इस तरह आमने सामने रखा जाए या दो भाषाओं की समकालिक संरचनाओं का इस तरह वैषम्य प्रस्तुत किया जाए।[4]

विजय राघव रेड्डी के अनुसार ''सैद्धांतिक भाषाविज्ञान'' वह माध्यम है जिसकी सहायता से –

1. भाषा के वर्णन में प्रयुक्त होने वाले विविध प्रारूपों का अविष्कार या विश्लेषण प्रक्रिया, जिनके जरिए भाषाओं का वर्णन उपयोगिता की दृष्टि से किया जा सकता है।
2. सार्वभौम व्याकरण की परिकल्पना और भाषा वर्णन में तुलनीयता का प्रतिमान स्थापित किया जा सकता है। निकेल[5] के अनुसार ''सैद्धांतिक विद्या विशेष के रूप में व्यतिरेकी भाषाविज्ञान का संबंध शुद्ध रूप से भषाओं की भाषायी संरचनाओं की तुलना एवं सार्वभौम व्याकरण के निर्माण से भी है।

सैद्धांतिक व्यतिरेकी विश्लेषण एवं अनुप्रयुक्त व्यतिरेकी विश्लेषण की

व्याख्या कार्ल जेम्स[6] ने निम्न प्रकार करते हैं –

व्यतिरेकी विश्लेषण

सैद्धांतिक अनुप्रयुक्त

अ ब अ (क)..... ब()

सार्वभौम कोटि

अ – भाषा 1 ब – भाषा 2

क भाषा 1 में सार्वभौम

भाषा वैज्ञानिक कार्य की वैज्ञानिकता सैद्धांतिक व्यतिरेक में निहित है। जहाँ दो भाषाओं की व्यवस्थाओं को प्रसतुत किया जाता है। व्यतिरेकी अध्ययन के कार्यक्षेत्र को निम्नलिखित आरेख द्वारा दिखाया जा सकता है –

व्यतिरेकी अध्ययन

सिद्धांत अनुप्रयोगिक

(सैद्धांतिक व्यतिरेकी व्याकरण)

(शैक्षणिक व्यतिरेकी व्याकरण)

[4] रेड्डी, विजय राघव : व्यतिरेकी भाषाविज्ञान, सन् 1986 ई, पृ. 26।
[5] Nickel, G : Contrastive Lingustics and Language Teaching IRAL, vol 6, page 37
[6] रेड्डी, विजय राघव : व्यतिरेकी भाषाविज्ञान, सन् 1986 ई, पृ. 85।

पर्याप्त भाषावैज्ञानिक सिद्धांत पर्याप्त व्यतिरेकी सिद्धांत शिक्षण में भाषाविज्ञान का अनुप्रयोग शिक्षण में व्यतिरेकी का अनुप्रयोग भाषाविज्ञान का अनुप्रयोग

व्यतिरेकी अध्ययन अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान का विषय है और अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान भाषा–शिक्षण का सहयोगी। भाषाशिक्षण की प्रक्रिया भी मातृभाषा एवं अन्य भाषा के संदर्भ में अलग–अलग होती है। ''व्यतिरेकी अध्ययन का मुख्य संबंध अन्य भाषा शिक्षण से है। मात्भाषा एवं अन्य भाषा–शिक्षण की सामान्य प्रक्रिया समक्ष लेने पर व्यतिरेकी अध्ययन का उद्देश्य पूरा होता है।''[7]

अन्य भाषा–शिक्षण की बढ़ती माँग से ही व्यतिरेकी भाषाविज्ञान का जन्म हुआ है। व्यतिरेकी भाषाविज्ञान को दो अमेरिकी वैज्ञानिक चार्ल्स सी.फ्रीज और राबर्ट लेडो ने एक व्यवस्थित शाखा के रूप में विकसित किया। सन् 1957 में राबर्ट लेडो द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'लिंग्विस्टिक्स एक्रॉस कल्चर्स' व्यतिरेकी भाषाविज्ञान का पहला आकार ग्रंथ है।

उपर्युक्त पुस्तक के अध्ययन से पता चलता है कि अन्य भाषा सीखने वाला कुछ ऐसी भाषा लिखता या बोलता है जो सीखी जाने वाली भाषा के अनुरूप नहीं होती इसका कारण बताते हुए उन्होंने निष्कर्ष निकाला है कि –

1. या तो उसने उस भाषा के नियमों को गलत तरीके से सीखा है।
2. या अभी उसने भाषा के व्याकरणि नियमों का अध्ययन पूर्ण रूप से नहीं किया है।

विजय राघव रेड्डी के अनुसार उपर्युक्त निष्कर्ष से यह अंदाज लगाया जाता है कि

क. यदि अन्य भाषा शिक्षण को सही दिशा में और वैज्ञानिक तरीकों से संपन्न कराया जाए तो सीखने वाला उस भाषा के अनुरूप भाषा का प्रयोग कर सकता है।[8]
ख. अन्य भाषा सीखने में कुछ कठिनाइयाँ होती हैं, वे इन्हें कठिनाइयों के स्थल या समस्यामूलक स्थल कहते हैं।

ग. विजय राघव रेड्डी के अनुसार कठिनाइयों के वे स्थल प्रायः वे ही होते हैं, जो सीखने वाले की मातृभाषा (स्रोतभाषा) और सिखाई जाने वाली भाषा (लक्ष्यभाषा) की संरचना के अंतर या भिन्नता के स्थल होते हैं।

उपर्युक्त विचारों से व्यतिरेकी भाषाविज्ञान की कुछ स्थापनाएँ सुनिश्चित होती हैं, जो निम्न हैं –

1. अन्य भाषा शिक्षण में सरलता और कठिनाई की व्याख्या, सीखने वालों की स्रोत भाषा और लक्ष्य भाषा की व्यतिरेकी तुलना में है।
2. अन्य भाषा शिक्षण के लिए सबसे अधिक प्रभावी शिक्षण सामग्री वह है जो सीखने वाले की स्रोतभाषा और लक्ष्यभाषा का समानांतर वैज्ञानिक व्यतिरेकी विश्लेषण तथा पाठ्य बिन्दुओं का चयन करके तैयार की जाती है।
3. जो शिक्षक शिक्षार्थी की स्रोतभाषा तथा लक्ष्यभाषा की वैज्ञानिक प्रविधि से तुलना करने की क्षमता रखता है, वह शिक्षार्थी की शिक्षण समस्याओं को बेहतर ढंग से समझ सकता है, और उनका बेहतर समाधान प्रस्तुत कर सकता है।

अंततः हम यह कह सकते हैं कि स्रोतभाषा और लक्ष्यभाषा की ध्वनि व्यवस्था, व्याकरण, शब्दावली एवं लेखन व्यवस्थाओं की तुलना प्रस्तुत करना ही व्यतिरेकी अध्ययन का उद्देश्यपूर्ण कार्य होता है, क्योंकि [9]इन्हीं से दोनों भाषाओं में विद्यमान ऐसी संरचनागत समानताएँ और असमानताएँ सामनं आ पाती हैं, जो सीखने वालों में मनोवैज्ञानिक उलक्षने पैदा करती हैं। इनके निष्कर्षों के आधार पर ही अच्छी शिक्षण विधियों का अविष्कार और अच्छी शिक्षण सामग्री का निर्माण हो सकता है। भविष्य में इस दिशा में शोध करने वालों के लिए योग्य सामग्री भी तैयार हो सकती है।

संदर्भग्रंथ :–

दुर्योधन महाराजा, : हिंदी उड़िया व्याकरणिक कोटियों का व्यतिरेकी अध्ययन।
विजय राघव रेड्डी, : व्यतिरेकी भाषाविज्ञान, ।
G. Nickel : Contrastive Lingustics and Language Teaching IRAL.
किशोरीदास वाजपेयी, : हिंदी शब्दानुशासन।
Jacek Fisiak : The Colish-English Contrastive Project.

[7] महाराजा, दुर्योधन : हिंदी उड़िया व्याकरणिक कोटियों का व्यतिरेकी अध्ययन, सन् 1984 ई. पृ. 5–6
[8] रेड्डी, विजय राघव : व्यतिरेकी भाषाविज्ञान, सन् 1986 ई, पृ. 23–24।

सूरदास और माधवदेव के गीतों में वात्सल्य रस

कुशल महंत, हिन्दी विभाग, मोरीगांव महाविद्यालय, मोरीगांव (असम)

मध्ययुगीन भक्ति आन्दोलन का स्वर लहर सारे देश में गूंज रहा था। भक्ति आन्दोलन को जिन महान विभूतियों ने परिपुष्टि दी है। उनमें महत्वपूर्ण स्थान सूरदास जी का है। महाकवि सूरदास की काव्य प्रतिभा न केवल हिन्दी साहित्य बल्कि समूचे भारतीय साहित्य में बेजोड़ है। यद्यपि उन्होंने कृष्ण के जीवन चरित्र को लेकर पद रचना की परंतु उनका मन कृष्ण के बाल–लीलाओं में विशेष रूप में रमा है। उन्होंने वात्सल्य का जो भव्य चित्रण प्रस्तुत किया वह उनकी प्रतिभा का परिचायक है।

जिन महात्माओं के अथक प्रयास से भक्ति की अथक अमृत सरिता देश के कोने–कोने तक प्रवाहित हुई, उनमें असम में महापुरूष विशेष रूप से उल्लेखनीय है। शंकरदेव के प्रिय शिष्य माधवदेव के अथक प्रयास से असम में भक्ति आंदोलन को विशेष बल प्राप्त हुआ। सूर की भांति माधवदेव का मन कृष्ण के बाल्य रूप में ही रमा है। वात्सल्य रस के क्षेत्र में सर्वभारतीय स्तर पर जो स्थान सूर की है वही स्थान असम में माधवदेव का है।

सूरदास और माधवदेव भारत के दो भिन्न प्रांत के वैष्णव कवि है। दो भिन्न प्रान्त के होने के बावजूद भी सूरदास और माधवदेव दोनों में अनेक साम्य है। दोनों कृष्ण के भक्त और दोनों ने ही कृष्ण के वात्सल्य रूप का अत्यंत मनोहर चित्रण प्रस्तुत किया है।

जिस प्रकार सूरादास का वात्सल्य वर्णन हिन्दी साहित्य में अनूठा है, ठीक उसी प्रकार माधवदेव का वात्ससल्य वर्णन भी असमीया साहित्य में बेजोड़ है, परंतु दोनों में इतना ही अंतर है कि एक ने बंद आंखों से बाल सुलभ चेष्ठाओं का जो हृदयग्राही चित्र प्रस्तुत किया, वही दूसरे ने खुली आंखों से किया। दोनों के वात्सल्य भाव के आलम्बन बालकृष्ण और उनकी लीलाएं उद्दीपन का काम करती है। सुबह होने पर भी जब यशोदा बालक कृष्ण को निद्रासन में देखती है तो उन्हें जगाने का प्रयास करती है। उसे सूरदास ने इस प्रकार वर्णन किया –

जागिए ब्रजराज कुंवर कमल–कुसुम फूले।

कुमुद बृंद संकुचित भए भृंग लता भूले।।

तमचूर खग करत रोर बोलत बनराई।

रांभति गो खरिकनि मैं बछरा हित धाई।।

इसी प्रकार माधवदेव ने भी यशोदा के माध्यम से बालक कृष्ण को जगाने का प्रयास किया है, जिसका उदाहरण कुछ इस प्रकार दिया जा रहा है –

तेजरे कमला पति परभाते निंद।

तेरि चांद मुख पेखुँ उठरे गोविन्द।।

रजनी बिदूर दिश धवली वरण।

तिमिर फाड़िया बाजे रबिर किरण।।

माता की स्वाभाविक इच्छा होती है कि बालक दूध पिये, परंतु बालक दूध पीने से जी चुराता है। कृष्ण भी यही करते हैं। माता यशोदा कृष्ण को तरह–तरह के प्रलोभन देकर दूध पिलाना चाहती है, जिसका चित्रण सूरदास इस प्रकार करते है –

कजरी को पय पियहु लाल जासो तेरी बेनी बढ़ै।

जैसे देखी और ब्रज बालक त्यो बल बैस चढ़ै।

कवि माधव देव ने भी कृष्ण के दूध न पीने के हठ को इस प्रकार दिखाया है –

गोविंद दूध पिउ बोलए यशोदा।

दूध नखाया हरि कांदे उवा उवा।।

एक गोपी के घर माखन चोरी करता हुआ बालक कृष्ण पकड़ा जाता है। गोपियों के पूछने पर कि तुम यहां क्यों आए हो तब कृष्ण अपने बुद्धि चातुर्य से जो उत्तर देता है उसे सूरदास ने इन शब्दो में व्यक्त किया है –

मैं जान्यो यह घर अपनो है या धोखे में आयी।

देखत ही गोरस में चीटी काढ़न को कर नायो।।

माधवदेव ने भी कृष्ण के इस चातुर्य का वर्णन किया है। गोपियों के पूछने पर कि अपन हाथ माखन के कलश पर क्यों रख रहे हो तब कृष्ण कहता है कि मैं तो मात्र माखन के कलश से चिटियां निकाल रहा हूं –

हरि बोले गोपी बड़ दोष पाइलि बाछि

पिपरा गुचाइते लागि हाथ दिया आछि।।

घर के आंगन में खेलते हुए बच्चे की बाल चेष्ठाओं को देखकर मां प्रसन्न हो उठती है। बाल कृष्ण की इसी चेष्ठाओं को देखकर यशोदा को जो आनंद आता है, उसे सूरदास ने इस प्रकार अभिव्यक्त किया है –

किलकत कान्ह घुटुरननि आवत।

मनिमय कनक नंद के आंगन बिम्ब पकरिवै धावत।।

कबहुं निरखि हरि आपु छांह कौं कर सौं पकरन चाहत।

किलकत हंसत राजत द्वै दतियां पुनि–पुनि तिहिं अवगाहत।।

कवि माधवदेव ने भी बाल चेष्ठाओं के इन दृश्यों का सुन्दर चित्रण किया है –

यशोमती पेखिते नयन जुराय।

जगनन जीवन भक्त परमधन।

हासि हासि चरण धसाय।।

सूरदास के गीतों में बाल कृष्ण के प्रति गोपियों का वात्सल्य प्रेम अत्यंत आकर्षक बन पड़ा है। गोपियां अभिलाषा करती है कि बाल्य कृष्ण हमारे घर माखन चोरी करने आये –

चली ब्रजधर धरनि पर बात।

नंद सुत संग सवा लीन्हें चोरी माखन खात

कोउ कहती मेरे भवन भीतर आबहिं पैठे धाइ।

कोउ कहति मोहि देखि द्वारे उतहिं गए पराइ।।

माधवदेव के गीतों में भी बाल कृष्ण के प्रति गोपियों का वात्सल्य भाव उजागर होती है। दूध बेचकर आती हुई गोपियों को जब जानकारी होती है कि बालकृष्ण नृत्य कर रहे हैं तो वे सभी अपनी सामग्रियां छोड़कर कृष्ण को घेर लेती है और कृष्ण से कहती है कि गोपाल अच्छी तरह से नाचोगे तो तुम्हें अपनी इच्छा के अनुसार लड्डू मिलेगा।

दधि बिकि आसि शुनिल गोवाली

हरि नाचिवर कथा।

पसार पेलाइ लवरत्ते पाइ

कृष्णक बेढिल तथा।

स्ब गोपी मिलि बावे हात तालि

बोले भाल करि नाचा।

हाते तार खारू दिबो चिनि लारू

बापु पुरि तोर बांचा।।

सुबह होते ही कृष्ण गौओं को चराने के लिए वन चलते है। कृष्ण के बिना यशोदा बेचैन हो जाती है, शाम को कृष्ण वन से गाय चराकर लौटते हैं तो कृष्ण को देखकर माता यशोदा तथा ब्रजवासी आनन्दित हो उठते है। जिसके सहज अभिव्यक्ति सूरदास ने इस प्रकार दी है –

आजु हरि धेनु रचाएं आवत।

मोर मुकुट वनमाल बिराजत पिताम्बर फहरावत।।

जिहिं जिहिं भांति ग्वाल सब बोटल सुनि स्त्रवनन मन राखत।

आपुन टेर लेट ताही सुर हरषन पुनि–पुनि भाष।।

देखत नंद जसोदा रोहिनि अरू देखत ब्रज लोग।।

माधवदेव ने भी कृष्ण गौओं चराकर आते हुए मनोहर छवि का चित्रण प्रस्तुत किया –

माइ हेर गोकुल चांद आवे

सकल बालक माजे जिनि नटवर साजे

हासि रख भुवन भुलावे।।

मां के लिए उसका पुत्र ही अमूल्य धन है। वही पुत्र जब अपने मां से बिछुर जाता है तो मां के ऊपर क्या बितेगी, सजह ही अनुमेय है। वही स्थिति यशोदा की भी होती है। सूरदास माता यशोदा के मन की बात जान जाते है और लिखते हैं –

मेरे कान्हा कमल दल लोचन।

अबकि बेर बहुरि फिर आवहु कहा लगे जिय सोचन।

यह लालसा होति मेरे जिय बैठी देखत रहौं।

गाइ चरावन कान्ह कुंवर सो बहुरि न कबहूं केहौ।

यशोदा के व्यथित मातृममता का वर्णन माधवदेव जी ने भी बड़ी मार्मिकता के साथ की है –

आलो मञि कि कहबो दुख।

पराण निगरे ना देखिया चान्द मुख।

कत पूण्ये लभिंलो गुनेर निधि शाम।

बंचिया निलेक निकरूण बिधि बाम।।

कृष्ण के विरह में यशोदा अपने जीवन को भी धिक्कारती है। सूरदास जी के शब्दों में –

जिंहिं मुख तात कहत ब्रजपति सौं, मोहि कहत है माई।

तेहि मुख चलत सुनत जीवित हौ, बिधि सो कहा बसाई।।

यशोदा की इसी स्थिति का चित्रण माधवदेव जी ने भी किया है –

श्यामकानु बिने मोर नरहे जीवन।

हा श्याम बुलिते दगध करे मन।।

दोनों महानुभव भक्त कवियों ने अपने गीतों में वात्सल्य रस का सुंदर एवम सजीव चित्र उपस्थापित किया है। दोनों ने साहित्य दर्पणकार की इस उक्ति की ''स्फुट चमत्कारितया वत्संल च रस विदुः'' को सार्थक सिद्ध कर दिया है।

''चैतन्य महाप्रभु द्वारा वैष्णव धर्मान्तर्गत भक्ति का स्वरूप''

डॉ. शैलेन्द्र चौधरी, दर्शन विभाग, रा.दु.वि.वि.,जबलपुर (म.प्र.)

धर्म के अर्न्तगत कर्मकाण्ड का अपना एक अलग विशेष महत्व हैं; क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की प्रकृति भिन्न–भिन्न होती हैं। अपनी–अपनी प्रकृति के अनुसार व्यक्ति विभिन्न देवी–देवताओं एवं विभिन्न मार्गों का चयन करता हैं। इन प्रकृति के विषय में संतो को मानना है कि कर्मकाण्डीय पूजा भक्ति के प्रवेश द्वार हैं। इससें ही शनैं–शनैं भक्ति का विकास होता हैं।

महाप्रभु चैतन्य ने काशी में दो मास रहकर सनातन गोस्वामी को भक्ति की शिक्षा प्रदान की थी। इसके उपरान्त भक्ति की स्थापना के लिए उन्होंने सम्पूर्ण विषयों को समाहित करने को कहा था। इसमें मुख्य रूप से मूर्ति स्थापना, मन्दिर को किस विधि से बनवाना, सदाचार, वैश्णव के विशेष आचार नियम, कर्त्तव्य–अकर्त्तव्य, स्मृति–शास्त्र, ईश्वर के अस्तित्व, वेदान्त एवं श्रीमद्भागवत की स्थापना करना इसमें मुख्य रूप से सम्मिलित था।

महाप्रभु ने सनातन से कहा कि इन सब विषयों को मैंने तुम्हें संक्षेप में दिग्दर्शन करा दिया है, इसका तुम्हें विस्तार करना है। इस विस्तार करने के लिए तुम्हें श्रीकृष्ण की ही शरण में जाना होगा। इससे वह तुम्हें स्वयं आगे की रचना के लिए तुम्हारे हृदय में उस विषय को स्फूर्ति करायेंगे।

श्रीमद्भागवत की स्थापना के संबंध में महाप्रभु कहते हैं – ''भागवत् में भक्ति ही एकमात्र पुरूषार्थ व प्रेमरूपा है। इसमें उपस्थित भक्ति अचिन्त्य है एवं यह समस्त शास्त्रों में राजा के समान है। इस शास्त्र को साधक द्वार विद्या एवं तप की प्रतिष्ठा से नहीं जाना जा सकता है, जो साधक ऐसा समझता है वह भागवत को नहीं जानता है। जो साधक अचिन्त्य ईश्वर बुद्धि से भागवत को जानता है, वही उसकी भक्ति के सार को जानता है।[1]

शास्त्रों में भागवान् श्रीकृष्ण के अनन्त गुणों का वर्णन है। महाप्रभु ने चौंसठ गुणों को प्रधान माना है। इन चौंसठ गुणों को समस्त वैष्णव लीला रूप में देखते है। यह गुण सिर्फ कृष्ण में ही हो सकते हैं, यह गुण अद्भुत एवं भक्तों को सुनने मे आनंद, शीतल व शान्ति प्रदान करने वाले होते हैं। इन गुणों को प्रत्येक वैष्णव रसम्य रूप में गुणगान करता है। ये गुण इस प्रकार हैं, यथा– (1) उनके अंग रमणीय हैं, (2) सत् लक्षणों से युक्त, (3) विलासम्य नवकैशोर है, (4) सुन्दर शरीर है, (5) तेजयुक्त (6) बलशाली, (7) भाषाओं के ज्ञाता, (8) प्रिय वाणी (9) सत्यवाकी, (10) प्रिय वचन (11) बुद्धिमान (12) विद्वान एवं नीतिज्ञ (13) चौसठ विधाओं में पूर्ण, (14) ज्ञानयुक्त (15) चतुरता (16) दक्षता (17) कृतज्ञता (18) सुदृढ़ प्रतिज्ञा (19) शास्त्र अनुसार कर्मयोगी (20) देशकाल परिस्थितियों के काम में निपुण (21) पापनाशक एवं दोष वर्जित (22) स्थिर (23) जितेन्द्रिय (24) क्लेश को सहन करने वाले (25) गम्भीर (26) क्षमाशील (27) क्षोभ शून्य युक्त, (28) दानवीर (29) रागद्वेष शून्य (30) धार्मिक (31) करूणा, (32) शूरवीर (33) गुरू, ब्राह्मणों व वृद्धों की पूजा करने वाले, (34) कोमल चरित्र, (35) स्तुति द्वारा संकुचित होने वाले (36) शरणागत–पालक (37) नम्र (38) सुखी (39) भक्तों के लिए सृहृत् (40) सर्वहितकारी (41) प्रेमवश्य (42) शूरवीर (43) यशी (44) समस्त लोक पूज्य (45) साधु पुरूषों पर कृपाशील (46) परम सौन्दर्य (47) सबके आराध्य (48) सर्वश्रेष्ठ (49) सम्पत्तिशाली (50) ईश्वर

यह समस्त पचास गुण जीवों में भी व्याप्त होते है, लेकिन वासना होने के कारण इनके यह गुण दिखाई नहीं देते हैं, हाँ जब साधक भक्त बन जाता है तो यह बिन्दु रूप में अवश्य प्रतीत होते हैं। यह पचास गुण श्रीकृष्ण में प्रत्यक्ष रूप में वर्तमान रहते हैं। इन पंचास गुणों के अतिरिक्त पाँच गुण विष्णु एवं शिव में भी दिखाई पड़ते है, वह हैं– (51) निज स्वरूप में स्थिरता (52) नित्य नूतनता (53) सर्वज्ञता, (54) सच्चिदानन्द–सान्द्राग (सत–चित्त–आनंद से भी परे अन्य वस्तु स्पर्श न कर सके) (55) सर्वसिद्धियाँ।

इन गुणों के अतिरिक्त अन्य पाँच गुण परव्योम अर्थात् विष्णु विशेषतः श्री नारायण के वैकुण्ठ लोक में पाए जाते है, यथा– (56) अचिन्त्यशक्ति गुण सम्पन्न (57) कोटि ब्रह्माण्ड धारण करना (58) सब अवतारों का बीज रूप धारण करना (59) शत्रु को मारकर तारने वाले (60) आत्मारामगणाकर्षी अर्थात् आत्माराम पुरूषों को भी आकर्षित कर लेते है।

इस प्रकार से यह साठ गुण नारायण के स्तर तक पाए जाते हैं, शेष चार अति विशेष गुण सिर्फ श्रीकृष्ण में पाए जाते हैं, यथा– (61) अद्भुत चमत्कारी तरंग के तुल्य है (लीला माधुर्य) (62) मधुर प्रेम द्वारा आकर्षित करने वाले (प्रेम माधुर्य) (63) मुरली की मधुर धुन द्वारा तीनों लोकों को वश में करने वाले (वेणु माधुर्य) (64) माधुर्य रूप से विस्मित करने वाले (रूप माधुर्य)।[2]

इसी प्रकार महाप्रभु ने श्रीराधा जी के भी अनंत गुण माने हैं इनमें से उन्होंने पच्चीस गुणों को ही प्राथमिकता दी है। यह पच्चीस गुण इस प्रकार है–

(1) मूर्तग्रूपामाधुर्य है (2) नित्य किशोरी अवस्थायुक्त है (3) चंचल दृष्टि (4) समुज्ज्वल मन्दहास्य युक्त है (5) मंगलचिह्नयुक्त (6) गन्धोन्मादितमाधवा (उनके गीत द्वारा माधव भी मुग्ध हो जाते है।) (7) संगीत–प्रसराभिज्ञा (संगीत में निपुण) (8) अत्यंत रमणीय वाणी (9) नम्र पण्डिता (स्त्री भावों के प्रदर्शन में निपुर्णता है।) (10) विनीता (11) करूणापूर्ण (12) सुचतुरा (13) श्रृंगार कुशलता (14) लज्जाशील (15) सुमर्यादा (16) धैर्यशालिनी (17) गाम्भीर्यशालिनी (18) श्रीकृष्ण द्वारा विलसिता (19) महाभाव परमोत्कर्षतर्षिणी (20) गोकुल प्रेमवती (21) भक्तों में सर्वाधिक प्रसिद्ध (22) गुरूजनों की स्नेहपात्री (23) सखीप्रणय आधीना (24) कृष्णा प्रियावली मुख्या (25) सदा कृष्ण की स्वामिनी।[3]

वैष्णवों में समस्त साधन व रागात्मिक भक्ति के ऊपर उठकर कलियुग में नाम–संकीर्त्तन को सर्वश्रेष्ठ माना है। नाम संकीर्त्तन से प्रभु प्राप्ति व समस्त विपदा का नाश होता है। वैष्णवों में श्रीकृष्ण के नामों का अलग–अलग तरह से नाम संकीर्तन देखने को मिलता है, यथा–

1. ''हरेर्नाम हरेर्नाम हरेर्नामैव केवलं।
कलौ नास्त्येव नास्त्येव नास्त्येव गतिरन्यथा।।''

2. ''हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।
हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे।।''

3. ''हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे।
हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे।
इति षोडशकं नाम्नांकलिकल्मषनाशनं।
नातः परतरोपायः सर्व वेदेषु दृश्यते।।''[4]

समस्त वैष्णवों का मानना है कि सृष्टि के उत्पन्न होने के पहले भी श्रीकृष्ण ही थे और वेदों में भी विष्णु के रूप में श्रीकृष्ण की ही स्तुति की गई है। श्रीकृष्ण ही सभी देवों में सर्वश्रेष्ठ हैं वही सच्चिदानन्दमय हैं। इसी सर्वश्रेष्ठता के विषय में महाप्रभु ब्रह्मसंहिता का प्रमाण देते हुए कहते हैं कि :–

''ईश्वरः परमः कृष्णः सच्चिदानन्द विग्रहः।
अनादिरादिर्गोविन्दः सर्वकारणकारणम्।।''[5]

अर्थात्– ''गोविन्द माने जाने वाले श्रीकृष्ण उस ईश्वर से भी सर्वश्रेष्ठ है उनका श्रीविग्रह सच्चिदानन्द स्वरूप है, वे सब देवों के भी आदि देव है। वही सभी कारणों के भी कारण है।''

समस्त वैष्णवों में अचिन्त्यभेदाभेद– सिद्धान्त को मूल रूप से मानते है। इस सिद्धान्त के विषय में वैष्णव जन यह मानते हैं कि श्री चैतन्य देव ने अवतार ग्रहण करके अपनी सर्वज्ञता के बल से अन्य सम्प्रदायों की अवैज्ञानिकता का खण्डन करके वैज्ञानिक अचिन्त्य–भेदाभेदात्मक सिद्धान्त की स्थापना की। महाप्रभु इस अचिन्त्यभेदाभेद सिद्धान्त के माध्यम से ही भक्ति तत्त्व की प्रतिष्ठा करते है। महाप्रभु के अनुयायियों का मानना है कि शुद्धाद्वैत व विशिष्टाद्वैतवाद यह एक देशी श्रुतिशास्त्र सम्मत है, अन्यदेश विरूद्ध है, किन्तु अचिन्त्यभेदाभेद का सिद्धान्त सर्वदेश सम्मत है। यह अचिन्त्यभेदाभेद सिद्धान्त वेद–विहित भी है। इस सिद्धान्त से ही जीव के मोक्ष की कामना पूर्ण होती है।

अचिन्त्यभेदाभेद सिद्धान्त की दृष्टि से देखने पर श्रीकृष्ण से जीव का दोनों प्रकार के संबंध है। यह संबंध भेद व अभेद दोनों रूपों में है। इसी प्रकार जगत् से भी श्रीकृष्ण के भी यही संबंध है। जीव की सीमित बुद्धि होने के कारण वह इस भेदाभेद को नहीं जान सकता, इस कारण इसे अचिन्त्य कहा जाता है। इस अचिन्त्य के रूप में भागवत को भी रखा गया है, जो भक्त ऐसा समझता है कि वह भागवत को जानता है, वह मानो भागवत को नहीं जान पाया है। उसी प्रकार का यह अचिन्त्य तत्त्व है। इस अचिन्त्य को केवल परमेश्वर की विशेष कृपा द्वारा ही जाना जा सकता है जो केवल भक्ति में निहित है। पूर्ण शरणागत् होने पर ही प्रभु प्रसन्न होकर प्रेम की दृष्टि से इसको समझा सकते हैं। इस अचिन्त्य को प्रभु की शक्ति भी माना जा सकता है, जो तर्क से परे है ।

महाप्रभु वैष्णव के विषय में कहते हैं जिसके मुख से श्रीकृष्ण नाम निकलता है, वही वैष्णव है और वही वैष्णव पूज्य और सर्वश्रेष्ठ है। इस नाम के द्वारा ही जीव के समस्त पापों का नाश हो जाता है। नवधा भक्ति भी श्रीकृष्ण नाम के नाम संकीर्त्तन द्वारा ही पूर्ण होती है। यह नाम किसी व्यक्ति विशेष की अपेक्षा नहीं रखता, अपितु जिह्वा द्वारा नाम संकीर्त्तन से सबका उद्धार हो सकता है। यह नाम ही संसार बंधन का नाश करता है। इस नाम संकीर्तन का मुख्य फल कृष्ण प्रेम है। इस प्रेम के आकर्षण से ही श्रीकृष्ण वशीभूत होकर भक्त को प्राप्त होते है।

कृष्ण नाम का संकीर्त्तन करने से वैष्णव में छः प्रकार के गुण उत्पन्न हो जाते हैं जो बंधन से मुक्ति करते हैं एवं परमवैष्णव बनने में सहायता प्रदान करते हैं। (1) श्रीकृष्ण का नाम उच्चारण (2) श्रवण–कीर्तन से नवधा भक्ति स्वतः पूर्ण हो जाती है, (3) श्रीकृष्ण नाम का जिह्वा से स्पर्श मात्र से चण्डाल को मुक्ति देने वाला है, (4) इस नाम को लेने के लिए किसी की अपेक्षा नहीं रहती, (5) श्रीकृष्ण नाम चित्त में प्रेम का उदय करता है, (6) कृष्ण नाम संसार बंधन से मुक्त करता है।

महाप्रभु ने कर्म योग एवं ज्ञान योग को अभिधेय न मानकर भक्ति को अभिधेय माना है। इसमें इसके चौसठ अगों माने गए हैं जो समस्त जीवों के लिए देश, काल, स्थिति, दशाओं आदि में व्याप्त है। इन चौंसठ अंग को करने में जीव को किसी भी प्रकार का विचार नहीं करना होता है, यह साधन भक्ति को कर्त्तव्य के रूप में जीव को करना चाहिए।

साधन भक्ति में महाप्रभु ने श्रीविग्रह के वस्त्र, आसन, मन्दिर के संस्कार शुद्ध करने व सजाने के संबंध में विस्तृत रूप से बताया है। इसके अतिरिक्त श्रीकृष्ण को रात्रिकालीन निद्रा व सुबह जगाने हेतु भी विधि को भी बताया है।

सर्वप्रथम पाँच प्रकार की पूजा सामग्री जैसे– अर्चन, गन्ध, पुष्प, दीप एवं धूप का उपयोग किया जाता है। इसमें भोग लगाने हेतु नैवेद्य मुख्य रूप से होता है। जिसे पंचोपचार विधि कहते हैं। इसके उपरान्त षोडशोपचार विधि के द्वारा पूजन करना होता है, जिसमें अर्चन, आसन, स्वागत, पाद्य, अर्घ्य, मधुपर्क, आचमनीय, पुनराचमनीय, स्नान, वसन, आभरण, गंध, धूप, पुष्प, दीप, नैवेद्य एवं चन्दन शामिल रहते हैं। इनके द्वारा पूजन किया जाता है। इसके अतिरिक्त षोडश उपचारों के साथ 89 उपचार भी सम्मिलित हैं, उनको भी इसमें करना पड़ता है। इस प्रकार कुल 105 उपचार श्री विग्रह की पूजा के लिए किए जाते है।

पूजा को दिन में पाँच बार करना होता है, जिसे पंचकाल पूजा कहा जाता है। जैसे–अति प्रत्युष, प्रातःकाल, मध्यान्ह, सायान्ह एवं रात्रि। इन पाँच प्रकार की पूजा के उपरान्त कृष्ण के प्रिय वस्तु का भोजन व लीला स्थल का भ्रमण भी इसमें शामिल है, जैसे आरती, कृष्ण भोजन, श्रीकृष्ण शयन, श्रीमूर्ति लक्षण, श्री शालग्रामलक्षण, श्रीकृष्ण क्षेत्र यात्रा, श्रीकृष्ण विग्रह दर्शन आदि हैं। इसके अतिरिक्त साधन भक्ति में जप, परिक्रमा, दण्डवत, स्तुति, वन्दन, श्रीकृष्ण प्रसाद, पुनश्चरण विधि भी शामिल है। इसमें विशेष यह भी है कि जब तक भोग न लग जाए भोजन ग्रहण नहीं करना है। महाप्रभु ने साधन भक्ति के अंतर्गत वैष्णवों को व्रत, त्यौहारों को मनाने का विशेष महत्व बताया है।[6]

इन व्रत, त्यौहारों की संख्या अधिक है फिर भी कुछ व्रत त्यौहार निम्न प्रकार से हैं– एकादशी व्रत, श्रीकृष्ण जन्माष्टी, वामनद्वादशी, श्रीरामनवमी एवं श्रीनृसिंह चतुर्दशी।

इस प्रकार इन सभी कर्मकाण्डीय कर्म (उपासना) करते–करते भक्त के अंदर अपने इष्ट के प्रति 'प्रेम' भाव जाग्रत होने लगते है और वह वास्तविक भक्ति में प्रवेश कर जाता हैं। जिसमें सारे नियम सिद्धांत पीछे छूट जाते हैं। केवल उसका इष्ट ही शेष बचता हैं।

सन्दर्भ :–

1. कृष्णदास कविराज, श्री श्री चैतन्यचरितामृत, मध्य खण्ड, एकविंश परिच्छेद, श्री हरिनाम संकीर्तन मण्डल, वृन्दावन, संस्करण–पंचम, सन्–2001 पृ. –490–491.
2. स्वामी प्रभुपाद, भगवान् श्री चैतन्य महाप्रभु का शिक्षामृत, भक्ति वेदान्त बुक ट्रस्ट, मुम्बई, संस्करण–ग्यारहवाँ, सन्–2007, पृ–140–142.
3. कृष्णदास कविराज, श्री श्री चैतन्यचरितामृत, मध्य खण्ड, त्रयोविंश परिच्छेद, श्री हरिनाम संकीर्तन मण्डल, वृन्दावन, संस्करण–पंचम, सन्–2001, पृ. –576.
4. स्वामी प्रभुपाद, भगवान् श्री चैतन्य महाप्रभु का शिक्षामृत, भक्ति वेदान्त बुक ट्रस्ट, मुम्बई, सन्–1982, पृ–184.
5. स्वामी प्रभुपाद, भगवान् श्री चैतन्य महाप्रभु का शिक्षामृत, भक्ति वेदान्त बुक ट्रस्ट, मुम्बई, सन्–1982, पृ.–80.
6. कृष्णदास कविराज, श्री श्री चैतन्यचरितामृत, मध्य खण्ड, चतुर्विश परिच्छेद, श्री हरिनाम संकीर्तन मण्डल, वृन्दावन, संस्करण–पंचम, सन्–2001, पृ. –639.
7. गोस्वामी, केशव, मायावाद की जीवनी, गौड़ीय वेदान्त प्रकाशन, मथुरा, संस्करण–द्वितीय, सन्–2005.
8. गोस्वामी, केशव, श्री चैतन्य चरित्र–पीयूष, गौड़ीय वेदान्त प्रकाशन, संस्करण–प्रथम, वृन्दावन, सन्–2004.
9. गोस्वामी, केशव, नामाचार्य श्रीहरिदास ठाकुर (शिक्षा–समन्वित जीवन चरित्र), गौड़ीय वेदान्त प्रकाशन, वृन्दावन, सन्–2009.
10. गोस्वामी, रूप भक्तिरसामृतसिंधु, भक्तिवेदान्त बुक ट्रस्ट, मुंबई, संस्करण–चतुर्थ, सन्–1970.
11. गोस्वामी, रूप, भक्तिरसामृतसिन्धु, हिन्दी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, संस्करण–प्रथम, सन्–1963.
12. गोस्वामी, वीरचन्द्र, महाप्रभु–श्रीगौरांग, श्रीहरि संकीर्तन मण्डल श्रीधाम, वृन्दावन, संस्करण–प्रथम सन्–1985.
13. गोयल, उषा, श्री चैतन्य महाप्रभु संस्कृति और साहित्य, श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु पंचशती समिती, राजस्थान।

महिला श्रमिकों की समस्यायें

श्रीमति कमला पटैल, (अर्थशास्त्र) जबलपुर

देश की महिलाएं कही न कही कार्य करती है। वह घर का कार्य करती है, किन्तु बहुत सी स्थितियों में वह पैसा कमाने के उद्देश्य से बाहर भी कार्य करती हैं। ये कार्य करने वाली महिलाओं को उनकी सेवाओं के बदले जो परितोषण दिया जाता है उसे सामान्यतः मजदूरी कहा जाता है। मजदूरी एक ऐसी धुरी है जिस पर अधिकांश श्रम समस्यायें आसपास चक्कर लगाती है। मजदूरी ही श्रमिकों के जीवन का मुख्य आधार होती हैं एक श्रमिक का जीवन स्तर उसकी मजदूरी के आधार पर निश्चित किया जाता हैं।

श्रमिकों के सामने आने वाली सभी समस्याओं में से मजदूरी ही एक हैं। मजदूरी वह धुरी के समान है जिसके इर्द गिर्द श्रम समस्यायें चक्कर लगाती रहती है। ''श्रमिकों का आर्थिक कल्याण एवं उनकी कुशलता व उनका जीवन स्तर मजदूरी पर ही निर्भर करता है।

''सेलिगमैन के शब्दों में – श्रम का वेतन मजदूरी हैं।''

मजदूरी मुद्रा के रूप में वह भुगतान हैं जो समझौते के अनुसार एक स्वामी अपने सेवक को उनकी सेवाओं के बदले देता है।

पुरूषों और महिलाओं की मजदूरी में अंतर पाया जाता हैं। ऐसे भेदभाव का आधार व्यवसायों को पुरूषों और महिलाओं के लिये समान प्रकृति के कार्य करने पर मजदूरी में विभिन्नता पायी जाती हैं।

मजदूरी का भुगतान करते समय बिचौलिया मानक कटौती के नाम पर श्रमिकों की मजदूरी में से कुछ हिस्सा काट लेते हैं। घर पर काम करने में माल के कुछ हिस्से को वे खराब घोषित कर देते हैं। परिवार के सभी लोग इस प्रक्रिया को पूरा करने में लगे रहते है, किन्तु नियोजक उन पर कोई विचार नहीं करते और वे केवल एक श्रमिक की मजदूरी का भुगतान करते हैं। मजदूरी पीस रेट से दी जाती है। इससे श्रमिकों को नुकसान और नियोजकों को फायदा ही फायदा होता हैं। नियोजकों ने अपने फायदे के लिये ही इस प्रणाली को ढूंढ निकाला हैं।

न्यूनतम अधिनियम का क्रियान्वयन कृषि एवं अन्य असंगठित क्षेत्रों में एक कठिन समस्या है। श्रमिकों को ठेके पर काम करवाने वाले ठेकेदार इनको ठगते हैं और उन्हें उनकी वैधानिक मजदूरी से अलग रखते हैं। उनके पास ऐसे कोई अधिकार नहीं होते जिससे कि वे वैधानिक मजदूरी पा सके। यदि कोई महिला श्रमिक ऐसे नियोजक का विरोध करती हैं तो उन्हें अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ता है। कम भुगतान की घटना अक्सर प्रवर्तन अधिकारी द्वारा अनदेखा कर दिया जाता है क्योंकि ऐसी घटना के शिकार व्यक्ति निरीक्षण के समय अपनी शिकायत को अधिकारियों के समक्ष नहीं कह पाते हैं। यह प्रथा मकान बनाने वाले श्रमिकों के लिये बहुत ही सामान्य है। घरेलू सेवा वाले श्रमिक, पोशाक बनाने वाले श्रमिक ये सेवायें न्यूनतम मजदूरी में लिखित अनुसूची में नहीं आते हैं बहुत व्यवसायों में महिला श्रमिकों का शोषण टुकड़ेकर व्यवस्था में भुगतान के समय किया जाता है।

समान मजदूरी अधिनियम 1976 समान कार्य के लिये महिला एवं पुरूष श्रमिक को समान वेतन भुगतान की व्यवस्था है। जिन कार्यो के लिये समान कौशल की आवश्यकता होती है। उनमें समान प्रवास और जिम्मेदारी की आवश्यकता होती है। जिसे जबलपुर जिले के विभिन्न वार्डो के विभिन्न उद्योगों में कार्यरत महिलाएं एक निश्चित आयु वर्ग की महिलाओं का समूह सर्वाधिक कार्यशील होता है। इसका विवरण निम्न तालिका के माध्यम से प्रस्तुत है।

विभिन्न उद्योगों में कार्यरत महिला श्रमिकों की मजदूरी निम्न तालिकाओं के माध्यम से देखी जा सकती है।

तालिका – 1

जवाहरगंज

वर्गीकरण – सारणी					विश्लेषण – सारणी		
क्र.	उद्योग	कुल कार्य के घंटे	कुल मजदूरी (रूपयों में)	कुल दिवस	कार्य के घंटे (प्रतिदिन)	मजदूरी (प्रति कार्य घंटे) (रूपये में)	मजदूरी (प्रति कार्य दिवस) (रूपये में)
1.	बीड़ी उद्योग	35	222	06	5.84	6.34	37.0
2.	पापड़ उद्योग	59	355	10	5.90	6.07	35.50
3.	रेडीमेड वस्त्र निर्माण उद्योग	52	435	09	5.78	8.37	48.33
4.	अगरबत्ती उद्योग	–	–	–	–	–	–
		146	1012	25	5.84	6.93	40.48

महिला श्रमिकों की मजदूरी का विवरण

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि रेडीमेड वस्त्र निर्माण उद्योग में प्रति घंटे कार्य करने पर मजदूरी 8.37 रू. है। बीड़ी एवं पापड़ उद्योग में महिला श्रमिक की मजदूरी 6.34 एवं 6.07 है लगभग समान है। सर्वाधिक मजदूरी रेडीमेड वस्त्र निर्माण उद्योग में कार्यरत महिला श्रमिक है। एक दिन में एक महिला 5.78 घंटे लगभग कार्य है। इस तालिका में प्रतिदिन में औसत मजदूरी 40. 48 रू. मिलती हैं एवं औसत कार्य के घंटे प्रतिदिन 5.84 है। जवाहरगंज वार्ड में अगरबत्ती निर्माण कार्य बहुत कम मात्रा में किया जाता है।

इससे स्पष्ट है कि बीड़ी एवं पापड़ उद्योग की अपेक्षा रेडीमेड वस्त्र निर्माण उद्योग में महिलाएं प्रतिघंटे में 8.37 रू. मजदूरी प्राप्त करती हैं।

तालिका – 2

हनुमानताल वार्ड

वर्गीकरण – सारणी					विश्लेषण – सारणी		
क्र.	उद्योग	कुल कार्य के घंटे	कुल मजदूरी (रूपयों में)	कुल दिवस	कार्य के घंटे (प्रतिदिन)	मजदूरी (प्रति कार्य घंटे) (रूपये में)	मजदूरी (प्रति कार्य दिवस) (रूपये में)
1.	बीड़ी उद्योग	82	444	14	5.85	5.41	31.7
2.	पापड़ उद्योग	33	150	05	6.6	4.54	30.0
3.	रेडीमेड वस्त्र निर्माण उद्योग	45	250	06	5.55	5.55	41.6
4.	अगरबत्ती उद्योग	–	–	–	–	–	–
		160	844	25	6.4	5.27	33.76

हनुमानताल वार्ड

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि जबलपुर के हनुमानताल वार्ड में रेडीमेड वस्त्र निर्माण उद्योग में कार्यरत महिलाओं की प्रति कार्य दिवस 41.6 रू. है। अन्य उद्योगों की अपेक्षा रेडीमेड वस्त्र निर्माण उद्योग ने महिलाओं को सर्वाधिक रोजगार प्रदान किया है। बीड़ी एवं पापड़ उद्योग में महिला श्रमिक की मजदूरी 31.7 रू. एवं पापड़ में 30.0 रू. प्रतिदिन मजदूरी प्राप्त होती है। तथा रोजगार भी सप्ताह में 3 या 4 दिन प्राप्त होता है जिससे उनकी वास्तविक मजदूरी में कमी बनी रहती है तथा परिश्रम अधिक लगता है। किन्तु आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार नहीं हुआ है।

इस तालिका में प्रति घंटे में बीड़ी उद्योग में 5.41 रूपये मजदूरी दी जाती है। पापड़ उद्योग में प्रति घंटे में 4.54 रूपये मजदूरी दी जाती है। औसत मजदूरी 5.27 है जो लगभग रेडीमेड वस्त्र निर्माण उद्योग के समान हैं औसत मजदूरी प्रतिकार्य दिवस में 33.76 रूपये है।

महिला श्रमिकों की समस्यायें

भारत में काम करने वाली महिलाओं की समस्या औपचारिक और अनौपचारिक भिन्न रूपों में पाई जाती है। महिला श्रमिक कुछ विशिष्ट प्रकार की समस्याओं का सामना करती है। प्रत्येक व्यवसाय में कार्य करने की प्रकृति, क्षेत्र, उनकी शिक्षा का स्तर सामाजिक बनावट पर निर्भर करता है।

घरों में काम करने वाली पत्नि के अदृश्य काम का भारत के (जी.एन.पी.) में लगभग एक – तिहाई योगदान है। महिलाओं की घरेलू गतिविधियां आर्थिक विधियां नहीं समझी जाती है, इसे नियोजन की श्रेणी में नहीं माना जाता है। महिलाओं के कार्य परिवार के अंदर वस्तु एवं सेवाओं के उत्पादन अपने उपयोग के लिये क्षेत्रीय उत्पादन में इसका योगदान नहीं समझा जाता है। महिलाओं के कार्य वस्तुओं के उत्पादन को बाजार के लिये भी बाजारोन्मुख आमदनी और रोजगार के रूप में नहीं माना जाता है।

महिलाएं अक्सर अपने परिवार एवं घरेलू कार्यो में लगी होती है जिससे उनका आर्थिक उत्तरदायित्व का महत्व कम होता चला जाता है। महिलाओं को क्षेत्रीय दर्जे की श्रम शक्ति कहा जाता हैं। उनकी आमदनी को साधारणतः पारिवारिक क्षेत्र में योगदान माना जाता है। महिला वास्तव में एक अनुपयोगी सामान के मानव साधन के रूप में मानी जाती है। उन्हें अभी भी पुरूषों के सामान आर्थिक सहयोगी के योगदानी के रूप में स्वीकार किया जाना बाकी है।

संदर्भ :

1. तिवारी, श्रीमति सुमित्रा – प्रेरणापथ, नारी ही नारी व्यक्तित्व के सर्वागीण विकास में सहाय, राजीव नगर मंडला।
2. गिरि, वी.बी. – श्रम जगत पत्रिका, राष्ट्र के असंगठित श्रमिकों को समर्पित पत्रिका, राष्ट्रीय श्रम संस्थान, श्रम मंत्रालय, भारत सरकार (1999)
3. राज्य सरकार की उपलब्धियां – इरादा नये भारत का, आवास योजना सभी के लिये घर के लक्ष्य की ओर।
4. (भारत–2001) वार्षिक संदर्भ ग्रंथ – विभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार मालवीय नगर भोपाल पृष्ठ 640 ।
5. दैनिक भास्कर – अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय महिलाओं को समाज में पुरूषों के बराबर का दर्जा (8 मार्च 2005)
6. बेंमटे, कु. शीशम – नारी और स्वतंत्र चेतना, शासकीय एम.के.बी. कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय जबलपुर (2005)

Important of social value in society

Shilpi Naval Pal, Researcher Philosophy RDVV Jabalpur

Types of values – We can speak of universal values, because over since human beings have lived in community, they have had to establish principle's to guide their behavior towards others.

In this sense, honesty, responsibility, truth, solidarity, cooperation, tolerance, respect and peace, among others, are considered universal values.

However, in order to understand them better, it is useful to classify values according to the following criteria:-

Personal values – these are considered principles on which we build on life and guide us to relate with other people. They are usually a blend of family values and social cultural values, together without own individual ones, according to our experiences.

Family Values: these are values in a family and care considered either good or bad. These derive format he fundamental be lives of the parents, who use them to educate their children. They are the basic principles and guide lines at our initial behavior in society and are conveyed through one behavior in the family; from the simplest to the most comply.

Social cultural values – these are the prevailing values of our society, which change with time, and either coincide or not with our family or personal values. They constitute a complex mix of different values and at times they contradict one another, or pose a dilemma.

Material values –these values allow us to survive, and are related to our basic needs as human being such as food and clothing and protection from the environment. They are fundamental needs, part of the complex web that is created between personal, family and social- cultural values.

Spiritual values – they refer to the importance we give to non material aspects in our lives. They are part of our human needs and allow us to feel fulfilled. They add meaning and foundation to our life, as to religious believes.

Moral values – The attitudes and behaviors that a society considers essential for coexistence, order and general well being.

Important of social value in society –

Values are the good habits that are contagious. They are passed down through generation values binds us together and set us apart. Today, our society is seeing a terrible amount of lack value people are discriminating and being discriminated against. Nature is being destroyed, while destruction is being planned. What can I say, we seem to be behind a legally of hatered and destruction for future generation what does our society need? It needs a value check and mindst change people are forgetting the values of extreme importance which we need to focus on.

Empathy:

the most important value in our life revolves around empathy. How on one concentrate on co-existing on the same. Planet, without a speak of empathy. We need to be able to accept others for what they are not what they can do for us. We need to stop concentrating on how we can reduce competition and focus on how we can grow together. While we all have to look out for ourselves at the end day, we need to remember this quote, "the day we stop fighting for each other, we stop being humans".

Mutual respect:

It is clear; we all have our strengths as well as weaknesses. Mutual respect means having respect in our minds for everyone. Even if you are up against a person, where in it is your honor against theirs, it is important to have mutual respect. It is these respects that make us balance between welfare state and social Darnisism in society. We need to respect our friends for their friendship and enemies for their ability to be

competative and their conviction. Mututal respect in one at the crucial values in a relationship.

Love:

This may seem surreal but honestly, love conquers all with love in our hearts, we feel no need to harm another. We will raise ourselves, rather than pull another down, we will focus on the similarities of opinions rather the difference of colour, religion or sexual orientation, we will punish but not kill, we will request, but not steal, with love, we will be people and not monsters. Yes, if we want our society, to be good to us, we need to be good to it, as well, After all, you give love, right?

Loyalty:

People often forget the meaning and important of loyalty. Loyalty is an emotion that binds us to a person, hings or sentiment. This emotion restricts us from ever betraying that person or thing. As such, what our society clearly needs today, is loyalty, We need to be loyal to each other, to shudderat the thought at speaking or thinking negative about each other. We need this loyalty to gather the strength to stand up against some things that will harm our society and to stand up for the oppressed. It is thus loyalty, that will being down the global walls and make this world one big home again.

Honesty:

In our own way, we think we are perfect. Honesty in is to accept yourself for what you are and let everyone know that as well. This honesty will help you make yourself better simply because you had the ability to admit your flows and work towards improving yourself. It is the honesty that will make others helps you out, not because you need it. But because they have flaws too, which you can help out with. This honesty will help us follow the other values in society and truly, 'Heal the World'.

Description is percent in our impulses and power to egulate which if not controlled can get it effective and waste, under the condition of an open chaos. The purpose is to being efficiency in the work by disciplined behavior. A disciplined persons thinking is directed towards discovering something new and better the constructive and accomplishes highe goals. He performs every act perfectly.

The behavior changes may be following elements as threat, fear, response changes may be following elements as threat, fear, response efficacy and self efficacy, barriers, benefits, subjective norms, attitudes, intentions, cues to action and reactance the major theories of behave change are

1. Social cognitive theory

2. Theory of planned behavior

3. Trans-theoretical model

Discipline is systematic instruction intended to train a person, sometimes literally called a disciple, in a craft, trade or other activity, or the follow a particular code of conduct or 'order'. Often the phrase 'to discipline' carries a negative connotation. This is because enforcement of order that is, ensuring instructions are carried out is often regulated through punishment.

Discipline is not a course of action leading to certain goal or ideal. A disciplined person is one that has established a good and is willing to achieve that goal at the expense of his or her individuality.

Discipline is the assert of will power ocer more base desires, and is usually understood to be synonymous with self-discipline is to same extent a substitute for motivation, when one uses reason to determine the rest course of action that opposes ones desire. Virtuous behavior is when one's motivations are signed with one's reasoned aims to do what one knows is best and to it gladly. Continent behavior, on the other hand is when one does what one know is best, but must do it by opposing one's motivational moving from continent to virtuous behavior required training and self-discipline.

Importance of discipline

Discipline training of the mind and character. It is obedience to rule and an orderly behavior.

There is need importance of discipline in our society and in our life in our home, in school, in the

playground and everywhere in this world discipline brings order.

The absence of discipline brings disorder and chaos. There are one some rules that control our activities. If we do not respect these rules, our life will be like about without the boatman. If we do not obey our parents at home, our teacher at school .In the playground, we can imagine what will happen. So both on parents and the teachers are very anxious to make us see the need of or discipline. They want us to grow up like disciplined soldiers.

In other words discipline is necessary both for the teacher and the students. A teacher is the leader of his changes. He must possess and maintain an intellectual and moral discipline of high order. However learned and scholarly a teacher may be, but if in his personal life leads an undisciplined life he will never be able to win and command the respect and obedience of students. Similarly, only a dedicated and disciplined student can come out a brilliant career for himself and serve the motherland.

In fact, discipline in the basic principle behind the progress and smooth working of an individuals and a nation. It is essential for the preservation of social values. But discipline should be inborn and self-imposed rather than externally imposed. It should be a tenar and mode of life based upon moral basis rather than an extend compustion caused by an unscrupulous and power hungry authoritarian government. It should be tought by education and enlightment.

Reference :

Hurlock, Elizabeth, B. (1978) “Child Development”, fifth edition, Tata Mcgraw Hill Publishing Co. New Delhi.

Kapil, H.K. (1994-1995). “Research Methods in Behavioral science”, Har Prasad Bhargav Pustak Prakashan, Agra.

Kothari, C.R. (2001). “methods and techniques of Research”, New Age International Publishers.

Kulshrestha, S.P. (2001).“Education Psychology’’, R lall Book Depot. Meerut, Fifth Revised Edition 2001.

Kuppuswamy, B. (1990) “child behavior and Development”, second Edition, Vinci Education Books, Delhi.

Saxena, N.R.; Mishra, B.K. and Mohanty, R.K. (2004). “Fundamentals of education research”, Meerut Surya Publication.

Sharma, R. A. (2001). “Advanced statistics an education Psychology”, R. Lal Book Depot, Meerut (U.P.)

Tiwari, Govind and Paul,Roma, “Experimental Psychology: A Dynamic Approch”, Vinod Pustak Mandir, Agra.